RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 73 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,बुधवार, 09 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## ब्रिक्स समिट में शामिल होने भारत आएंगे पुतिन

### प्रधानमंत्री मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय वार्ता

● नई दिल्ली

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को भारतीय पत्रकारों के साथ वर्चुअल बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाला है।



प्रवक्ता ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के लिए द्विपक्षीय संबंधों के मुद्दों पर चर्चा करने का एक मौका है। उन्होंने शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत को सफलता की शुभकामनाएं भी दीं। इससे पहले 31 अगस्त को भी पीएम मोदी और पुतिन ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ समिट के दौरान बातचीत की थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने आगे कहा कि पुतिन शुक्रवार (11 सितंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। मॉस्को से वर्चुअल ब्रीफिंग के जरिए पत्रकारों से बात करते हुए पेस्कोव ने कहा, कुछ ही दिनों में राष्ट्रपति पुतिन अपनी भारत यात्रा शुरू करेंगे। (शेष पृष्ठ 8 पर)

### सुखोई फाइटर जेट पर हो सकती है डील

### ब्रिक्स सम्मेलन 12 से

भारत 12-13 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। यह तेजी से आगे बढ़ रहे प्रमुख उभरते बाजार वाले देशों और विकासशील देशों के अंतर-सरकारी मंच के लिए एक अहम पल होगा। भारत ने इस साल 1 जनवरी को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली, जो इस समूह की कमान संभालने का उसका चौथा मौका है। साल 2026 ब्रिक्स की स्थापना के 20 साल पूरे होने का भी प्रतीक है।

## धुरंधर स्टाइल में मोदी की रैंप पर एंट्री, बजा आरी-आरी गाना

### पीएम ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा, लोग आपको 'झूठ की गूंज' के जरिए गुमराह करने की कोशिश करेंगे

● वडोदरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को वडोदरा पहुंचते ही, ऐसा माहौल बन गया कि हर किसी का ध्यान उनकी एंट्री पर गया।

दरअसल, रैंप पर चलने के दौरान पीएम का स्वागत धुरंधर फिल्म के मशहूर गाने आरी-आरी के साथ किया गया। इसके बाद क्वीन का गाना वी विल रॉक यू गाना बजाया गया। अपने गृह राज्य में नई परियोजनाओं की घोषणा करने और पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए आए प्रधानमंत्री मोदी युवाओं के विशाल जनसमूह के बीच से गुजरे और पृष्ठभूमि में युवा आंदोलनों का पर्याय माने जाने वाले 1977 के गीत की धुन बजने के दौरान उन्होंने युवाओं को हाथ हिलाकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे झूठ फैलाने वालों के झूठे दावों के झांसे में न आएं, उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का जिक्र किया। उन्होंने राहुल गांधी और उनकी पार्टी के छात्रों की गूंज अभियान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, लोग आपको झूठ की गूंज के जरिए गुमराह करने की कोशिश करेंगे, (शेष पृष्ठ 8 पर)



### || 30,700 करोड़ की रेल परियोजनाओं को हरी झंडी ||

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वडोदरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुजरात में 30,700 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण किया। इस अवसर पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ चार फ्रेट ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इनमें टांडा रोड-वडोदरा (प्रतापनगर) ट्रेन सेवा भी शामिल है। इसी क्रम में न्यू साणंद (नॉर्थ) जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से न्यू साणंद (नॉर्थ) जंक्शन से न्यू मकरपुरा के लिए फ्रेट ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर साणंद क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अहमदाबाद मंडल एवं डीएफसीसीआईएल के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। पीएम ने ने कहा कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की आखिरी कड़ियां भी जुड़ गई हैं और आज 2,800 किलोमीटर से अधिक लंबा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर प्रोजेक्ट पूरा हो गया है। उन्होंने इसे 21वीं सदी के भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर देश के व्यापार और कारोबार का मुख्य आधार बन रहे हैं।

### निवेशकों को जीआईएस 2027 में किया आमंत्रित

## दुबई में मप्र को मिले 53 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स एवं उद्योग समूहों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं

● भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई दौरे के तीसरे दिन मंगलवार को निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक साझेदारी, शहरी विकास, हरित ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और सतत विकास से जुड़े अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। दिनभर आयोजित गतिविधियों में निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें, शारजाह चैंबर के साथ संवाद, बीईईएच की अत्याधुनिक सुविधाओं का अवलोकन, एमार समूह की प्रमुख हस्तियों के साथ बैठक, मीडिया संवाद तथा इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेशः इंटरैक्टिव सेशन प्रमुख रहे।

वन-टू-वन बैठकों से मप्र को 53 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। एआईएम कांग्रेस : 2026 में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम को एआईएम इन्वेस्टमेंट अवॉर्ड्स 2026 में विनर एशिया के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान यूएई के विदेश व्यापार मंत्री एवं एआईएम कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ेयौदी ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तीसरे दिन पूर्वान्ह सत्र में विभिन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स एवं उद्योग समूहों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं। इन बैठकों का उद्देश्य मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को क्षेत्रवार प्रस्तुत करना तथा निवेश प्रस्तावों को आगे बढ़ाना था। बैठकों में राणा होल्डिंग्स, जेम्स एजुकेशन, क्रेसेंट ग्रुप, प्योर हेल्थ, शराफ ग्रुप, चोइथराम्स, डीपी वर्ल्ड, ब्यूमर्क कॉर्पोरेशन, वेस्ट ज़ोन, केजीके ग्रुप, विस्टास मीडिया कैपिटल, वीएफएस ग्लोबल तथा एनआईडीआई सर्विसेज/एससीएनईएलएलएलएलसी-एफजेड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। (शेष पृष्ठ 8 पर)

### एमपीआईडीसी को एशिया की सर्वश्रेष्ठ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी का विनर एशिया सम्मान मिला

### एमार को इंदौर-पीथमपुर-उज्जैन कॉरिडोर में निवेश का न्योता

मुख्यमंत्री ने एमार प्रॉपर्टीज के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हिज हाईनेस मोहम्मद अलाब्बार से मुलाकात कर इंदौर-पीथमपुर-उज्जैन डेवलपमेंट कॉरिडोर सहित राज्य में एकीकृत मिश्रित उपयोग वाली शहरी परियोजनाओं, टाउनशिप, हॉस्पिटैलिटी और विश्वस्तरीय शहरी विकास परियोजनाओं में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने डाउनटाउन दुबई, बुर्ज खलीफा, दुबई मॉल और आसपास के एकीकृत शहरी विकास मॉडल का अवलोकन कर मॉडर्न टाउन प्लानिंग और डेस्टिनेशन डेवलपमेंट की अवधारणाओं की जानकारी भी ली।

## बड़ा फैसलाः प्रोबेशन में 70-80-90 प्रतिशत वेतन व्यवस्था रद्द

### 25 नवंबर 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को मिलेगा पूरा वेतन

● जबलपुर



मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रोबेशन अवधि में सरकारी कर्मचारियों को 70, 80 और 90 प्रतिशत वेतन देने की व्यवस्था को असंवैधानिक मानते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से प्रदेश के हजारों शासकीय कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि 25 नवंबर 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को प्रोबेशन के दौरान किए गए कार्य के लिए निर्धारित वेतनमान के अनुसार 100 प्रतिशत वेतन दिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 21 कर्मचारियों ने राज्य सरकार के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसके तहत प्रोबेशन के पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष में क्रमशः 70, 80 और 90 प्रतिशत न्यूनतम वेतनमान दिया जा रहा था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने 8 सितंबर 2026 को संबंधित रिट याचिकाओं पर साझा फैसला सुनाया। (शेष पृष्ठ 8 पर)

### 21 कर्मचारियों ने दी थी मप्र हाईकोर्ट में सरकारी आदेश को चुनौती

### बकाया वेतन का भी रास्ता साफ

फैसले के बाद प्रभावित कर्मचारियों को प्रोबेशन अवधि के दौरान रोके गए वेतन के भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। अधिवक्ताओं के अनुसार भर्ती नियमों में निर्धारित वेतनमान से कम भुगतान का कोई स्वतंत्र प्रावधान नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि वेतनमान में कमी को दंड के रूप में भी मनमाने तरीके से लागू नहीं किया जा सकता।

## आसमान में विमान का इंजन हुआ खराब


**चेन्नई, आरएनएन।** कुआलालंपुर से जेद्दा जा रही मलेशिया एयरलाइंस की एक फ्लाइट को इंजन में तकनीकी गड़बड़ी के बाद सोमवार को चेन्नई की ओर मोड़ दिया गया और एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दी गई। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मलेशिया एयरलाइंस की उड़ान एमएच 156 में 186 लोग सवार थे और विमान सुरक्षित रूप से चेन्नई एयरपोर्ट पर उतर गया। उन्होंने बताया कि विमान के उतरने से पहले हवाई अड्डे पर जरूरी इंतजाम किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि इंजन नंबर दो से संबंधित एक तकनीकी दिक्कत सामने आई थी। विमानन कंपनी और संबंधित तकनीकी दल तकनीकी समस्या की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट पर परिचालन सामान्य है। अधिकारियों ने बताया कि विमान को टो वाहन की मदद से पार्किंग क्षेत्र में ले जाया गया।

### चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग, 186 यात्रियों की सांसें अटकीं

## इंटर्न व जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल जारी, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा असर

### जबलपुर में आज से शुरु होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन, इंदौर में पहले ड्यूटी फिर प्रदर्शन

● भोपाल / आरएनएन



स्टाइपेंड की मांग को लेकर राजधानी में इंटर्न और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। अब इस हड़ताल के समर्थन में प्रदेश के दूसरे मेडीकल कालेजों के डॉक्टर भी आ गए हैं।

जबलपुर के मेडीकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टरों ने 9 सितंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की घोषणा की है। वहीं, मंगलवार को इंदौर में डॉक्टरों ने पहले ड्यूटी पूरी की और उसके बाद प्रदर्शन किया। ग्वालियर में भी इस मामले में मेडिकल छात्रों का आक्रोश सामने आया। मंगलवार सुबह गजराराजा मेडिकल कॉलेज (जीआरएमसी) के इंटर्न, यूजी और पीजी छात्रों ने एकजुट होकर रैली निकाली और हजार बिस्तर अस्पताल के मुख्य गेट पर धरना दिया।

### हमीदिया अस्पताल में 25 ऑपरेशन टाले गए

हड़ताल के चलते भोपाल के हमीदिया अस्पताल में मरीजों को इलाज और जांच के लिए परेशान होना पड़ा। अस्पताल में प्रस्तावित करीब 25 ऑपरेशन टाल दिए गए। हालांकि, मंगलवार को आंदोलन स्थल पर इंटर्न के साथ जूनियर डॉक्टर भी मौजूद रहे। यहां डॉक्टरों ने दिनभर नारेबाजी कर अपनी मांगों और सोमवार को पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध किया।

## बोलेरो पर पलटा ट्रक, एक मासूम समेत छह की मौत

### बालाघाट के 13 मजदूर बोलेरो में मजदूरी के लिए हैदराबाद जा रहे थे



**बालाघाट, आरएनएन।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के रावनवाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम नागरा के पास सोमवार देर रात भीषण सडक़ हादसे में तीन वर्षीय मासूम समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का गोंदिया के शासकीय एवं निजी अस्पतालों में उपचार जारी है।

मृतक बालाघाट जिले के लांजी और किरनापुर क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार, लांजी के सांवरीखुर्द से 13 मजदूर बोलेरो वाहन में सवार होकर मजदूरी के लिए हैदराबाद जा रहे थे। नागरा गांव के पास एक ट्रक बोलेरो को ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और भारी ट्रक चलती बोलेरो के ऊपर पलट गया। हादसे में बोलेरो में सवार मजदूर बुरी तरह दब गए।लांजी एसडीओपी नितेश भार्गव के मुताबिक, हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और सात अन्य घायल हैं। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि पुलिस और स्थानीय लोगों को करीब तीन घंटे तक राहत एवं बचाव कार्य करना पड़ा। क्रेन की मदद से वाहन में फंसे मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया।

### महाराष्ट्र के गोंदिया में हुआ दर्दनाक हादसा

## आतंकियों का काल बनेगी कोबरा यूनिट

**नई दिल्ली, आरएनएन ।** देश का सबसे बड़ा केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सीआरपीएफ अब जम्मू कश्मीर में आतंकियों का काल बनेगा। सीआरपीएफ और इसकी विशेष इकाई कोबरा को जम्मू-कश्मीर में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कठुआ और उधमपुर में लगभग 21 लोकेशन, जो अभी तक आर्मी के पास रही हैं, अब उन्हें पूरी तरह से सीआरपीएफ के हवाले कर दिया गया है। आर्मी के नियंत्रण वाली लोकेशन एवं ठिकानों पर अब सीआरपीएफ पहुंच रही है। जंगल वॉरफेयर में निपुण सीआरपीएफ कोबरा की 9 टीमें भी इन्हीं क्षेत्रों में तैनात रहेंगी। खुफिया इनपुट के आधार पर कोबरा कमांडो, ऑपरेशन को अंजाम देंगे। बता दें कि इस दिशा में लंबे समय से एरिया ऑफ रिस्पांसिबिलिटी के तहत काम चल रहा था।

### जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ ने 21 लोकेशन पर संभाला मोर्चा

**हॉस्पिटैलिटी** द वर्ल्ड्स 50 बेस्ट होटल्स ने 51 से 100 तक की रैंकिंग जारी की, इसमें भारत के सिर्फ दो होटल

## दुनिया के बेहतरीन होटलों में द जौहरी व उदयविलास शामिल

● नई दिल्ली

द वर्ल्ड्स 50 बेस्ट होटल्स की 51 से 100 तक की रैंकिंग जारी कर दी गई है। इस सूची में भारत के दो लग्जरी होटल शामिल हैं और खास बात यह है कि दोनों राजस्थान में हैं। दुनिया के बेहतरीन होटलों की यह सूची वहां मिलने वाले शानदार ठहरने और हॉस्पिटैलिटी के अनुभव को पहचान देती है।

इस बार जयपुर के द जौहरी और उदयपुर के द ओबेरॉय उदयविलास ने इसमें जगह बनाई है। जयपुर के मशहूर जौहरी बाजार में स्थित 19वीं सदी की पुरानी हवेली द जौहरी को इस सूची में 94वां स्थान मिला है। कभी लाल हवेली के नाम से पहचानी जाने वाली इस ऐतिहासिक इमारत को अब एक खूबसूरत बुटीक होटल में बदल दिया गया है। होटल की वेबसाइट के मुताबिक, यह इमारत आजादी से पहले के दौर में राज्य शासन और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी गतिविधियों का एक अहम केंद्र रही थी। इतिहास और आधुनिक सुविधाओं के मेल की वजह से यह होटल खास पहचान रखता है। द जौहरी को 2025 में मिशेलिन गाइड की ओर से वन मिशेलिन की भी मिली थी।



### दुनिया में बढ़ रही भारतीय हॉस्पिटैलिटी की पहचान

भारतीय होटल और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने का यह पहला मौका नहीं है। इससे पहले प्रिक्स वर्सेल्स ने मध्य प्रदेश के खजुराहो स्थित द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस को वर्ल्ड्स मोस्ट ब्यूटीफुल होटल्स 2026 में शामिल किया था, वहीं, पुणे के रोसो को वर्ल्ड्स मोस्ट ब्यूटीफुल रेस्टोरेंट्स 2026 की सूची में जगह मिली थी। आज के समय में लोग सिर्फ किसी जगह को देखने के लिए यात्रा नहीं करते, बल्कि वहां मिलने वाले अनुभव को भी उतनी ही अहमियत देते हैं।

### पिछोला झील के किनारे बसा है होटल ओबेरॉय उदयविलास

इस सूची में राजस्थान का दूसरा होटल उदयपुर का द ओबेरॉय उदयविलास है, इसे 98वां स्थान मिला है। पिछोला झील के किनारे 30 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में फैला यह होटल अपनी खूबसूरत लोकेशन और शानदार डिजाइन के लिए जाना जाता है। होटल में बड़े-बड़े बगीचे, खूबसूरत प्रांगण, कई डाइनिंग स्पेस, स्पा और स्विमिंग पूल हैं। इसके कई कमरों और सुइट्स से पिछोला झील और आसपास के बगीचों का सुंदर नजारा दिखाई देता है। द ओबेरॉय उदयविलास को मिशेलिन गाइड की ओर से टू मिशेलिन कीज मिली हैं। यह सम्मान होटल के बेहतरीन अनुभव और सुविधाओं को दर्शाता है। यहां दो लोगों के लिए एक रात का किराया करीब 44,000 रुपए से शुरू हो सकता है। कीमत कमरे और ठहरने की तारीख के अनुसार बदल सकती है।

## पहली बार में लैंड नहीं कर सका राहुल का विमान

**लखनऊ, आरएनएन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर दिल्ली से लखनऊ आ रहे एअर इंडिया के विमान को मंगलवार को लैंडिंग में बाधा का सामना करना पड़ा। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हवा के अधिक दबाव के कारण पायलट को विमान की लैंडिंग के लिए दो बार प्रयास करना पड़ा। दूसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग हो सकी।

इस दौरान करीब 10 मिनट तक विमान हवा में चक्कर काटता रहा। एअर इंडिया के विमान एआई-1717 ने मंगलवार को दिल्ली से दोपहर 2:30 बजे उड़ान भरी थी। यह उड़ान निर्धारित समय से दस मिनट की देरी से शुरू हुई। दोपहर करीब 3:45 बजे विमान लखनऊ एयरपोर्ट के पास पहुंचा। यहां पायलट को हवा के अधिक दबाव के चलते रनवे पर एप्रोच अस्थिर होने का अंदेशा हुआ। पायलट रनवे की सेंट्रल लाइन पर विमान उतारने में असमर्थ था। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पायलट ने लैंडिंग का दोबारा प्रयास करने का फैसला किया। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी सूचना दी।

### हवा में चक्कर लगाता रहा, दूसरे प्रयास में हुई लैंडिंग

# किसान की आमदनी बढ़ेगी तभी विकसित होगा भारत, खेती की लागत घटाना जरूरी- डॉ. सोनी

## कृषि विज्ञान केंद्र शाहपुरा में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक; ड्रोन तकनीक, संरक्षित व जैविक खेती, फसल प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर जोर...

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए खेती की लागत में कमी करना जरूरी है। विकसित भारत का रास्ता किसानों के विकास से होकर जाता है। किसान विकसित होगा, तभी देश विकसित होगा। यह बात महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के प्रसार शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रसार डॉ. आर.एस. सोनी ने कृषि विज्ञान केंद्र शाहपुरा में आयोजित वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में कही। डॉ. सोनी ने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में किसानों को पारंपरिक खेती के साथ ऐसी तकनीकों और फसलों को अपनाना होगा, जिनसे प्रति इकाई क्षेत्र अधिक आमदनी प्राप्त हो सके। उन्होंने किसानों को सूरजमुखी, अलसी, मसाला फसलों और मेहंदी की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी। इसके साथ ही संरक्षित खेती और जैविक खेती को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग समय की आवश्यकता है। किसानों को ड्रोन तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसान अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य प्राप्त कर आय में वृद्धि कर सकते हैं।



**केंद्र की गतिविधियों और प्रगति का प्रस्तुत किया ब्यौरा**

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. यादव ने केंद्र की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने पिछली वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में प्राप्त सुझावों पर की गई कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही केंद्र का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन भी समिति के समक्ष रखा। डॉ. यादव ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों तक वैज्ञानिक तकनीकों को पहुंचाने, प्रशिक्षण आयोजित करने तथा कृषि क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

**मातृवृक्ष बगीचा और नई फल फसलों पर जोर**

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, उदयपुर डॉ. एस.एस. लखावत ने कृषि विज्ञान केंद्र में मातृवृक्ष बगीचे की स्थापना करने का सुझाव दिया। उन्होंने किसानों को परंपरागत फसलों के साथ ड्रैगन फ्रूट, लीची, एवोकाडो और सेब जैसी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल की उपलब्धता को देखते हुए जल संरक्षण के उपायों को प्राथमिकता देनी होगी। सिंचाई में सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों का उपयोग कर पानी की बचत के साथ फसल उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

**वर्षा जल संरक्षण का प्रशिक्षण जरूरी**

कृषि महाविद्यालय भीलवाड़ा के अधिष्ठाता डॉ. के.के. यादव ने वर्षा जल संरक्षण को लेकर किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विशेष रूप से जरूरतमंद किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि वैज्ञानिक तकनीकों का वास्तविक लाभ खेतों तक पहुंच सके। सह निदेशक अनुसंधान डॉ. रविकांत शर्मा ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा प्रगतिशील किसानों के खेतों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को सफल किसानों के खेतों पर ले जाकर व्यावहारिक जानकारी देने से नई तकनीकों को अपनाने में अधिक प्रभावी परिणाम मिल सकते हैं।

**बारानी खेती और संतुलित उर्वरक उपयोग पर भी चर्चा**

बारानी कृषि अनुसंधान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. के.सी. नागर ने कृषि विज्ञान केंद्र की प्रसार गतिविधियों में बारानी कृषि अनुसंधान केंद्र का सहयोग लेने का सुझाव दिया। उन्होंने क्षेत्र की परिस्थितियों के अनुरूप बारानी कृषि की तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। क्षेत्रीय निदेशक इफको डॉ. लालाराम चौधरी ने संतुलित उर्वरकों के उपयोग पर किसानों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने जल प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने और उपलब्ध जल का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने पर भी जोर दिया।

**प्रगतिशील किसानों की सफलता की कहानियों की बुकलेट का विमोचन**

बैठक के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से प्रकाशित प्रगतिशील किसानों की सफलता की कहानियों पर आधारित बुकलेट का विमोचन किया गया। इसमें किसानों द्वारा अपनाई गई नवीन तकनीकों, फसल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र में किए गए सफल प्रयोगों को शामिल किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी सफलता की कहानियां दूसरे किसानों के लिए प्रेरणा का माध्यम बन सकती हैं। बैठक में डॉ. कुंदन सिंह, कुलदीप, प्रवीण कुमार, मीना कुमारी, मीरा सुथार, शंकर लाल चौधरी सहित प्रगतिशील कृषक रामचंद्र, माणक वैष्णव एवं पूजा वैष्णव ने भी कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सुझाव समिति के समक्ष रखे।

**35 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. राजेश जलवानियां, पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. एच.एल. बुगालिया, फार्म मैनेजर गोपाल लाल टेपन, तकनीकी सहायक हेमलता मीणा, महेश चंद्र सुवालका, अजीत सिंह राठौड़, डॉ. लालचंद सहित कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में कृषि की लागत कम करने, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, आधुनिक तकनीक, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर मंथन हुआ। बैठक का मूल संदेश यही रहा कि किसान को केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रहना होगा, बल्कि कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और उत्पाद का बेहतर मूल्य प्राप्त कर खेती को अधिक लाभकारी बनाना होगा।

# रामनगरिया थाना पुलिस की कार्यवाही - पुलिस पर फायरिंग करने वाला वांछित अपराधी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** / पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा (IPS) के निर्देशन में थाना रामनगरिया पुलिस ने फायरिंग के प्रकरण में वांछित अपराधी संदीप राज शर्मा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने VIT कॉलेज के पीछे स्थित घर पर दबिश के दौरान पुलिस जाप्ते पर देसी कट्टे से फायर कर स्कॉर्पियो से फरार हो गया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो बरामद कर ली है। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पारस जैन (RPS), सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर दीपक खण्डेलवाल (RPS) के सुपरविजन में थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।



प्रकरण संख्या 263/2025 व 264/2025 आर्म्स एक्ट में कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

**आरोपीः** संदीप राज शर्मा (31) निवासी अच्छीवास, थाना सदर दौसा।

**टीमः** घुड्न लाल, सहायक उपनिरीक्षक मुनेश कुमार कांस्टेबल 4896, कांस्टेबल भीमाराम 3894, कांस्टेबल सुशील कुमार 11015 (विशेष भूमिका) रहीं।

# बेटी बनी सेना की शान, कनिका के स्वागत में उमड़ा जहाजपुर



### भारतीय सेना की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर पहली बार घर पहुंचीं लेफ्टिनेंट कनिका पाराशर, शहरवासियों ने पुष्पवर्षा और मालाओं से किया भव्य अभिनंदन

स्मार्ट हलचल



**अलकेश पारीक जहाजपुर।** भारतीय सेना की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर लेफ्टिनेंट कनिका पाराशर के पहली बार अपने गृह क्षेत्र पहुंचने पर जहाजपुर में गौरव और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कनिका के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी, महिलाएं, युवा एवं गणमान्यजन एकत्र हुए और ढोल-नगाड़ों के बीच उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। गौतम आश्रम से उनके आवास तक निकली स्वागत यात्रा में शहर की महिलाओं ने विशेष उत्साह दिखाया। रास्ते में लोगों ने मालाएं पहनाकर, पुष्प भेंट कर और मिठाई खिलाकर कनिका का स्वागत किया। भारतीय सेना की वर्दी में पहुंचीं कनिका के चेहरे पर आत्मविश्वास और देशसेवा का गौरव साफ नजर आया।

**हर बेटी के लिए बनी प्रेरणा**

कनिका की उपलब्धि को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह है। लोगों का कहना है कि छोटे शहर से निकलकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में अपनी पहचान बनाना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता न केवल परिवार बल्कि जहाजपुर की बेटियों के लिए भी प्रेरणादायी है। स्वागत समारोह के दौरान 'बेटी बनी सेना की शान, कनिका पर पूरे क्षेत्र को अभिमान' जैसे नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर नजर आया। लोगों ने कनिका के उज्ज्वल सैन्य भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी की बेटियों को सेना और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने का हौसला देगी। कनिका का यह स्वागत महज एक बेटी की घर वापसी नहीं, बल्कि उस जज्बे का सम्मान रहा, जिसने अपने सपने को देशसेवा के संकल्प में बदल दिया।

# नगर निकाय चुनाव 2026 की तैयारियां हुई तेज, मशीनरी तैयार, अब बूथ-बूथ पहुंचेगी ईवीएम

### जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की मौजूदगी में मतदान केन्द्रों के लिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** नगर निकाय चुनाव-2026 की तैयारियों में अब ईवीएम की तैनाती का चरण भी पूरा होने लगा है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू बनाने की दिशा में मतदान केन्द्रों पर कौन-सी ईवीएम पहुंचेगी, इसका फैसला सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुए रेंडमाइजेशन में कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की मौजूदगी में हुए द्वितीय (प्रथम) रेंडमाइजेशन में नगर निगम भीलवाड़ा सहित जिले की छह नगर पालिकाओं के लिए मतदान केन्द्रवार ईवीएम का आवंटन किया गया। यह प्रक्रिया नगर निगम भीलवाड़ा के साथ ही जिले की नगर पालिका गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, बीगोद एवं मांडलगढ़ के लिए की गई। इससे पूर्व 2 सितंबर को ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न कर नगर पालिका वार आवंटित ईवीएम संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को उपलब्ध कराई गई थीं। इसके बाद 4 सितंबर को द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के तहत मतदान केन्द्रवार ईवीएम आवंटन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान तकनीकी कारणों से खराब पाई गई ईवीएम को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अलग करते हुए उनके स्थान पर उपलब्ध रिजर्व ईवीएम का भी नियमानुसार रेंडमाइजेशन किया गया, ताकि मतदान के लिए आवश्यक संख्या में सुचारू एवं त्रुटिरहित ईवीएम उपलब्ध रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम के आवंटन, तैयारी एवं मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने की प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित प्रोटोकॉल की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हरीतिमा एडीएम सिटी श्रीमती प्रतिभा देवटिया, निर्वाचन विभाग से कैलाश व्यास सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# नेत्रदान को लेकर सोच बदलने मैदान में उतरा एमजीएच का नेत्र विभाग, भ्रांतियां दूर करने में जुटा

### 41वें नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े में डिजिटल अभियान पर जोर, स्कूली बच्चों से भावी डॉक्टरों तक को किया जा रहा जागरूक

### नेत्र विभाग की डिजिटल पहल से प्रिवेंटिव आई-केयर को बढ़ावा, कॉर्नियल मरीजों के लिए नई रोशनी की उम्मीद




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** किसी की जिंदगी का अंतिम संकल्प किसी और के जीवन में रोशनी बन सकता है। इसी संदेश के साथ राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महात्मा गांधी अस्पताल का नेत्र विभाग 41वां नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा मना रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी गौड़ के नेतृत्व में चल रहे अभियान में नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के साथ आधुनिक डिजिटल माध्यमों से लोगों को आंखों की देखभाल और समय पर जांच के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत कम्युनिटी स्तर पर प्रिवेंटिव आई-केयर को बढ़ावा देने पर जोर है। स्कूली विद्यार्थियों को डिजिटल स्क्रीन-टाइम मैनेजमेंट, आंखों की सुरक्षा और नियमित जांच के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं एमबीबीएस विद्यार्थियों को नेत्रदान और आधुनिक ऑप्थैल्मिक स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉ. रजनी गौड़ ने बताया कि एक मृत व्यक्ति का नेत्रदान दो लोगों के जीवन में रोशनी ला सकता है। नेत्रदान के लिए उम्र की कोई निश्चित सीमा नहीं है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अस्थमा से पीड़ित व्यक्ति, चश्मा लगाने वाले तथा मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा चुके लोग भी परिस्थितियों के अनुसार नेत्रदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नेत्रदान की प्रक्रिया से चेहरे पर कोई विकृति नहीं आती। चिकित्सकों के अनुसार मृत्यु के बाद कॉर्निया को निर्धारित समय सीमा में सुरक्षित करना महत्वपूर्ण होता है। परिजनों को सलाह दी गई है कि मृत्यु के बाद नेत्रदान की इच्छा होने पर जल्द से जल्द संबंधित नेत्र विभाग अथवा नेत्रदान सेवा से संपर्क करें। इस दौरान आंखों की नमी बनाए रखने के लिए पलकों को बंद रखकर उन पर स्वच्छ गीली रुई या कपड़ा रखा जा सकता है। अभियान के तहत रेजिडेंट्स और फैकल्टी को जागरूक करने के बाद वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा शर्मा ने सुवाणा ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों को नेत्रदान का संकल्प दिलाया। डॉ. अदिति शर्मा ने ओपीडी में मरीजों एवं उनके परिजनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। नर्सिंग स्टाफ एवं विद्यार्थियों के लिए सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों और उनके वैज्ञानिक तथ्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अभियान का उद्देश्य नेत्रदान को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ कॉर्नियल दृष्टिहीनता से जूझ रहे मरीजों के लिए दृष्टि की नई उम्मीद पैदा करना है।

# गाय की पूजा अर्चना कर संतान के सुख समृद्धि की कामना

स्मार्ट हलचल

**काछोला -** कस्बे में बछ बारस के पावन पर्व पर महिलाओं ने गौ माता व बछड़े की पूजा अर्चना व विधिवत पूजन कर संतान के दीर्घायु होने व सुख समृद्धि की कामना की।वही महिलाओं ने इससे पूर्व गौ माता व बछड़े को सजाकर उनकी पूजा अर्चना की और परिवार की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की।



# महिलाओं ने हर्षोल्लास एवं पारंपरिक मंगलगीतों से मनाया वत्स द्वादशी का त्योहार...

## गौ माता को लुगड़ी ओढ़ाई,दही-चावल से तिलक लगाया, चने-गुड़ का भोग लगाकर उतारी आरती...गोबर से औघड़ महाराज बनाया और पूजा की

### महिलाओं ने दिनभर रखा नियम,गाय के दूध से बनी वस्तुओं से किया परहेज,पूजा के बाद सुनी कथा

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा ।** बछ बारस का दिन महिलाओं के लिएऐसा पर्व, जिसमें पूजा के साथ परिवार, संतान और गौवंश के प्रति सम्मान की भावना जुड़ी हुई है। खामोर सहित क्षेत्र के बिलिया, तहनाल,नई राज्यास, घरटा,डाबला क्षेत्र में बछ बारस पर महिलाओं ने गौ माता और बछड़े को पूजा के लिए तैयार किया। दही-चावल, कुमकुम से तिलक लगाया, लच्छा बांधा, लुगड़ी और कपड़े का बटका ओढ़ाया,आरती उतारी और चने-गुड़ का भोग लगाया। इसके बाद महिलाओं ने बछ बारस की पारंपरिक कथा सुनी।ग्रामीण महिलाओं के अनुसार बछ बारस को वत्स द्वादशी भी कहा जाता है।वत्स का अर्थ बछड़ा होता है। महिलाओं के लिए यह पर्व विशेष रूप से परिवार और संतान के मंगल से जुड़ा माना जाता है।ग्रामीण महिला शीला वैष्णव ने बताया कि लोकमान्यता के अनुसार इस दिन गौ माता और बछड़े की पूजा कर महिलाएं संतान के स्वास्थ्य, दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।इस पर्व में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहती है। घर की पूजा की तैयारी से लेकर गौ माता और बछड़े के पूजन,आरती और कथा श्रवण तक की परंपराएं महिलाएं ही निभाती हैं। कई घरों में बुजुर्ग महिलाएं नई पीढ़ी को पूजा की विधि और पर्व से जुड़ी मान्यताओं के बारे में बताती हैं।ग्रामीण शीला जाट के अनुसार बछ बारस पर गौ माता के साथ उसके बछड़े की पूजा की गई इसके पीछे धार्मिक मान्यता के साथ ग्रामीण जीवन से जुड़ा महत्व भी है। गाय को भारतीय लोकपरंपरा में मातृस्वरूप माना गया है और बछड़ा गौवंश की निरंतरता का प्रतीक माना जाता है।इसी मान्यता के चलते महिलाएं गौ माता और बछड़े का पूजन कर उनके प्रति सम्मान प्रकट करती हैं। साथ ही परिवार और संतान के मंगल की प्रार्थना करती हैं। गांवों में पशुधन हमेशा से परिवार की जीवनशैली और आजीविका का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, इसलिए इस पर्व का ग्रामीण समाज में विशेष महत्व बना हुआ है। बछ बारस के दिन महिलाएं इस दिन गाय के दूध से बनी वस्तुओं का सेवन नहीं करतीं। दूध, दही, घी सहित दूध से बनी चीजों से पूरे दिन परहेज रखा जाता है। पर्व के नियमों का पालन करते हुए महिलाएं पूजा और कथा श्रवण करती हैं।बछ बारस के अवसर पर गाय व बछड़ा पूजन के बाद महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित हुई और परंपरा के अनुसार गोबर से घोल कुएं जैसा औघड़ महाराज का स्वरूप बनाया। इसमें पानी भरकर दही,कुमकुम, लच्छा, गुड़ और दीपक से विधि-विधान से पूजा की। पूजा के बाद महिलाओं ने बछ बारस की कथा सुनी। कथा पूर्ण होने पर बच्चों से तालाब स्वरूप औघड़ महाराज को तुड़वाने की परंपरा निभाई गई। इसके बाद महिलाओं ने उसी स्थान पर फिर से गोबर से औघड़ महाराज का स्वरूप बनाया।गाय व बछड़ा पूजते समय गांव की अनेक महिलाएं मौजूद रही

# तीन साल से फरार स्मैक सप्लाई करने वाला वांछित आरोपी नेपाल बंजारा गिरफ्तार

### फूलियाकलां पुलिस की कार्रवाई, 20 ग्राम स्मैक बरामदगी के मामले में था वांछित

स्मार्ट हलचल

फूलियाकलां / अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फूलियाकलां थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब तीन साल से फरार चल रहे स्मैक सप्लाई के वांछित आरोपी नेपाल बंजारा को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था और गुजरात के अहमदाबाद में प्लास्टिक की कुर्सियां बेचने का काम कर रहा था।पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक सागर राणा (आईपीएस) के निर्देश पर जिले के थानाधिकारियों की क्राइम मीटिंग लेकर एक वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों के निस्तारण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा अंजुम कायल एवं पुलिस उप अधीक्षक शाहपुरा नानालाल सालवी के निकट सुपरविजन में फूलियाकलां थानाधिकारी दिनेश कुमार पूनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

**2023 में पकड़ी गई थी 20 ग्राम स्मैक**

पुलिस के मुताबिक 24 सितंबर 2023 को फूलियाकलां थाना पुलिस ने राज्यवास चौराहे पर नाकाबंदी के दौरान एक मारुति कार को रुकवाकर तलाशी ली थी। कार चालक ताराचंद गुर्जर निवासी कनेछनकलां के कब्जे से 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई थी। मामले में पुलिस ने ताराचंद गुर्जर तथा वाहन मालिक दीपू बैरवा निवासी कनेछनकलां को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान सामने आया कि



उक्त स्मैक की सप्लाई में नेपाल बंजारा भी शामिल था। घटना की जानकारी मिलने के बाद नेपाल बंजारा अपने निवास स्थान से फरार हो गया और अहमदाबाद, गुजरात चला गया। वहां वह अपनी पहचान छिपाकर प्लास्टिक की कुर्सियां बेचने का काम करने लगा। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश में लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। आखिरकार 7 सितंबर 2026 को पुलिस ने आरोपी नेपाल बंजारा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**

नेपाल बंजारा, पिता जगदीश बंजारा, उम्र 22 वर्ष, निवासी जीवा नायक का खेड़ा, थाना गंगरार, जिला चित्तौड़गढ़।

**पुलिस टीम**

कार्रवाई में थानाधिकारी दिनेश कुमार पूनिया, भागचन्द सर्जन, मनीष कुमार कांनि, सुरेश कुमार कांनि एवं सतवीर कांनि शामिल रहे।

# भीलवाड़ा निकाय चुनाव : अंतिम दिन सियासी पसीना, अब खामोश मतदाता की बारी...

## अंतिम दिन वोट की खातिर चरणवंदना... अब खामोश मतदाता सुनाएगा फैसला


स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा( महेन्द्र नागौरी)** नगर निगम चुनाव का प्रचार थमने से पहले मंगलवार को भीलवाड़ा का चुनावी रण पूरी तरह गर्म रहा। भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी। सुबह से देर शाम तक वार्डों की गलियों में प्रत्याशियों की दस्तक, समर्थकों की आवाजाही और मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क का दौर चलता रहा। पांच साल के लिए पार्षद बनने की दौड़ में शामिल उम्मीदवारों ने घर-घर पहुंचकर हाथ जोड़े, बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और अपने पक्ष में मतदान की अंतिम अपील की।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन का नजारा यह बताने के लिए काफी था कि मैदान में मुकाबला आसान नहीं है। जिन प्रत्याशियों ने पूरे चुनाव अभियान में बड़े-बड़े दावे किए, उन्हें अंतिम दिन एक-एक मतदाता तक पहुंचने की जरूरत महसूस हुई। कई जगह प्रत्याशियों ने परिवारों के साथ बैठकर बातचीत की तो कहीं वार्ड की समस्याओं और विकास के मुद्दों को लेकर भरोसा दिलाया गया।

**अब न नारा चलेगा, न भाषण... चलेगा सिर्फ वोट**

प्रचार का शोर थमते ही चुनाव का असली और



सबसे खामोश दौर शुरू हो गया है। अब प्रत्याशी खुले तौर पर वोट नहीं मांग सकेंगे, लेकिन राजनीतिक रणनीति का पहिया अंदरखाने घूमता रहेगा।

किस मोहल्ले में किसका प्रभाव है?

कौन सा परिवार किस तरफ झुक रहा है?

किस बूथ पर किस प्रत्याशी की पकड़ मजबूत है?

और सबसे अहम–कितने मतदाता घर से निकलकर वोट डालेंगे?

इन सवालों के जवाब ही 9 सितम्बर के मतदान में जीत-हार का गणित तय करेंगे।

**'स्थानीय बनाम बाहरी' की चर्चा ने भी पकड़ा जोर**

चुनावी मैदान में कई वार्डों में प्रत्याशियों की स्थानीय पहचान भी चर्चा का विषय बनी। मतदाताओं के बीच 'स्थानीय कौन और वार्ड के सुख-दुख में साथ कौन?' जैसे सवाल उठते रहे। कुछ जगह स्थानीयता को चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश हुई तो कहीं व्यक्तिगत संपर्क और वर्षों से वार्ड में सक्रिय रहने का दावा प्रमुखता से सामने आया।

हालांकि अंतिम फैसला मतदाता को करना है कि वह स्थानीय पहचान, पार्टी, व्यक्तिगत छवि, विकास के वादे या किसी अन्य मुद्दे को कितना महत्व देता है।

**करोड़पति से लेकर सामान्य कार्यकर्ता तक–हर कोई मैदान में**

निकाय चुनाव में इस बार आर्थिक हैसियत और राजनीतिक पहुंच को लेकर भी चर्चाएं सुनाई दीं। कहीं संसाधनों से मजबूत उम्मीदवार मैदान में हैं तो कहीं सामान्य कार्यकर्ता अपनी व्यक्तिगत पकड़ और जनसम्पर्क के दम पर मुकाबला कर रहे हैं।

लेकिन निकाय चुनाव की खासियत यही है कि यहां बड़े राजनीतिक दावों से ज्यादा वार्ड की गली, मोहल्ले और परिवारों में बनी व्यक्तिगत पकड़ कई बार परिणाम बदल देती है।

यही वजह है कि अंतिम समय तक कोई भी प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर पूरी तरह निश्चिंत नजर नहीं आ रहा।

**बागी और निर्दलीय बने समीकरणों का 'एक्स फैक्टर'**

भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती कई वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों से भी है। टिकट की दौड़ में पीछे रह गए दावेदारों अथवा स्थानीय स्तर पर अपनी पहचान रखने वाले उम्मीदवारों ने मुकाबले को कई जगह रोचक बना दिया है।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि निर्दलीय किसके वोट काटेंगे और किसका गणित बिगाड़ेंगे?

कुछ वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबला दिखाई दे रहा है तो कुछ जगह दो प्रमुख दलों के साथ तीसरा प्रत्याशी निर्णायक स्थिति बनाने की कोशिश में है। ऐसे में कुछ दर्जन वोट भी परिणाम की दिशा बदल सकते हैं।

**भाजपा-कांग्रेस के लिए सिर्फ पार्षद का चुनाव नहीं**

नगर निगम के परिणाम दोनों प्रमुख दलों के स्थानीय संगठन के लिए भी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। कितने वार्डों में पार्टी प्रत्याशी जीतते हैं, कितने बागी कितनी चुनौती देते हैं और निर्दलीय कितनी सेंध लगाते हैं–इन सबका असर आगे की स्थानीय राजनीति पर दिखाई दे सकता है।

इसी कारण चुनावी मुकाबला सिर्फ प्रत्याशी बनाम प्रत्याशी नहीं रह गया है। कई वार्डों में यह संगठन बनाम व्यक्तिगत जनाधार की परीक्षा भी बन गया है।

**अब मतदाता की खामोशी में छिपा है पूरा चुनाव**

अंतिम दिन तक प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपनी बात सुनाई। अब मतदाता की बारी है। किसे मौका देना है और किसे नकारना है, इसका फैसला 9 सितम्बर को मतदान केंद्रों पर होगा।

14 सितम्बर को मतगणना के दौरान ईवीएम खुलेंगी तो सामने आएगा कि किसका जनसम्पर्क वोट में बदला, किसका समीकरण धराशायी हुआ और किसने खामोश मतदाता का भरोसा जीता।

फिलहाल चुनावी शोर थम चुका है। प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हैं, समर्थक गणित में उलझे हैं और मतदाता खामोश है।

9 सितम्बर को यही खामोशी ईवीएम में बोलेगी... और 14 सितम्बर को परिणाम बताएगा कि भीलवाड़ा की जनता ने किसके सिर जीत का सेहरा बांधा।

---

## 'विधायक ने भाजपा का कांग्रेसीकरण कर दिया, इस बार बोर्ड बनना मुश्किल'

### वरिष्ठ नागरिक मंच अध्यक्ष शंकर लाल मंडोवरा का विधायक गोपीचंद मीणा पर सियासी हमला

(स्मार्ट हलचल/अलकेश पारीक)

**जहाजपुर ।** जहाजपुर नगर पालिका चुनाव जैसे-जैसे मतदान की तारीख की ओर बढ़ रहा है, स्थानीय राजनीति में बयानों की तपिश चरम पर पहुंचती जा रही है। इसी बीच वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष शंकर लाल मंडोवरा के एक बयान ने कस्बे के सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। मंडोवरा ने क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीणा की कार्यशैली पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि विधायक ने 'भाजपा का कांग्रेसीकरण कर दिया है।'



**'इस बार नहीं बन पाएगा भाजपा का बोर्ड'**

मंडोवरा ने अपने बयान में दावा किया कि विधायक की भूमिका और स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों के चलते इस बार जहाजपुर नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड नहीं बन पाएगा। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब चुनावी दंगल में भाजपा और कांग्रेस के साथ-साथ मजबूत निर्दलीय प्रत्याशियों ने मुकाबले को बेहद कड़ा और दिलचस्प बना दिया है।

**बयानों से गरमाया चुनावी मैदान, वार्डों में बहुकोणीय मुकाबला**

जहाजपुर की राजनीति में नगर पालिका बोर्ड का गठन हमेशा से स्थानीय सियासी समीकरणों की धुरी रहा है। इस बार टिकट वितरण और स्थानीय रणनीतियों के चलते कई वार्डों में मुकाबला आमने-सामने का न रहकर त्रिकोणीय और बहुकोणीय रूप ले चुका है। ऐसे संवेदनशील मोड़ पर मंडोवरा के बयान ने भाजपा खेमे के सामने असहज सवाल खड़े कर दिए हैं।

**चुनावी चौपालों पर छिड़ी नई सियासी बहस**

मंडोवरा का यह राजनीतिक आकलन चुनाव परिणाम में कितना सही साबित होता है, इसका फैसला तो मतदान के बाद मतदाता करेंगे। लेकिन उनके इस प्रहार ने कस्बे की चुनावी चौपालों पर नई चर्चा छेड़ दी है। अब 'किसका बोर्ड बनेगा?' के साथ-साथ यह सवाल भी गूंजने लगा है कि विधायक की रणनीति पार्टी को जीत दिला पाएगी या अपनों का यह असंतोष चुनावी नतीजों को प्रभावित करेगा।

---

#### बरूंदनी में लगातार चोरियों से ग्रामीणों में आक्रोश

## भारतीय किसान संघ ने पुलिस अधीक्षक को भेजा ज्ञापन, वारदातों के खुलासे की मांग

*1 सितंबर को धरने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई; क्षेत्र में किसानों व ग्रामीणों में दहशत का माहौल, रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों को शीघ्र पकड़ने की गुहार*

स्मार्ट हलचल

**आकोला/बरूंदनी।** बरूंदनी कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर ग्रामीणों और किसानों में भारी रोष व्याप्त है। क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा चोरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ की ओर से जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को ज्ञापन भेजा गया है।

**आश्वासन के बाद भी कार्रवाई न होने से नाराजगी**

ज्ञापन में बताया गया कि बरूंदनी क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रही वारदातों के विरोध में ग्रामीणों ने गत 1 सितंबर को स्थानीय पुलिस चौकी के बाहर धरना देकर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। उस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश करते हुए जल्द ही वारदातों का खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने का ठोस आश्वासन दिया था। इसके बावजूद कई दिन बीत जाने पर भी पुलिस के हाथ खाली हैं और किसी भी चोर के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है।

**किसानों और ग्रामीणों में भय का माहौल, ज्ञापन में प्रमुख मांगें:**

बरूंदनी व आसपास के क्षेत्र में हुई सभी चोरियों की त्वरित जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।



ग्रामीण क्षेत्रों और खेतों के रास्तों पर पुलिस की रात्रिकालीन सघन गश्त शुरू की जाए।

किसानों व ग्रामीणों को भयमुक्त माहौल देने के लिए पुलिस चौकी पर जाप्ता बढ़ाया जाए।

**चोरियों से दहशत में ग्रामीण, किसान संघ ने दी चेतावनी**

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों और किसानों में भय का माहौल बना हुआ है। लोग अपनी मेहनत की कमाई और संपत्ति को लेकर रातभर जागने को मजबूर हैं। संघ ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामलों की गंभीरता से जांच कर चोर गिरोह का जल्द से जल्द भंडाफोड़ किया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

---

## वार्ड 53 बना आईना, पूरे शहर की सीवरेज व्यवस्था सवालों के घेरे में!

*दादाबाड़ी की गली में सीवरेज का गंदा पानी और दुर्गंध; शहरभर में खुले ढक्कन, बहता पानी और जानलेवा गड्ढे–निकाय चुनाव में विकास के दावों की होगी अग्निपरीक्षा*

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा( महेन्द्र नागौरी) नगर निकाय चुनाव में विकास के दावों की गूंज तेज है, लेकिन शहर की गलियों में पसरी बदहाली इन दावों पर तीखे सवाल खड़े कर रही है। वार्ड नंबर 53 दादाबाड़ी में गणपत कबाड़ी के मकान के पीछे वाली गली इस बदहाल व्यवस्था का आईना बन गई है, जहां सीवरेज लाइन से गंदा पानी और गंदगी बाहर निकल रही है। सड़क पर फैले गंदे पानी से तेज दुर्गंध उठ रही है और स्थानीय लोगों को संक्रमण व बीमारी फैलने का डर सता रहा है। लेकिन वार्ड 53 की यह तस्वीर अकेली नहीं है। शहर के कई हिस्सों में सीवरेज के टूटे या खुले ढक्कन, ओवरफ्लो होती लाइनें और सड़कों पर बहता गंदा पानी आमजन की परेशानी बने हुए हैं। कहीं सीवरेज का पानी सड़क पर है तो कहीं खुले चैंबर लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं।

**सीवरेज के साथ सड़कों पर भी संकट**

शहर में जगह-जगह सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं। कई गड्ढे इतने गहरे हैं कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए जरा सी चूक हादसे में बदल सकती है। सीवरेज का पानी इन गड्ढों को और खतरनाक बना देता है। दिन में किसी तरह नजर आने वाले ये गड्ढे रात में हादसे का खुला न्योता बन जाते हैं। सवाल यह नहीं कि वार्ड 53 की गली कब साफ होगी–सवाल यह है कि पूरे शहर की सीवरेज व्यवस्था आखिर कब सुधरेगी?

**चुनाव में पोस्टर चमकेंगे, गलियां जवाब मांगेंगी**

निकाय चुनाव के बीच प्रत्याशी विकास के दावे लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। लेकिन जनता के सामने अब सवाल भी कम नहीं हैं–खुले सीवरेज चैंबर कब बंद होंगे? सड़कों पर बहता गंदा





पानी कब रुकेगा? जानलेवा गड्ढे कब भरेंगे? और शहरवासियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए आखिर कब तक शिकायत करनी पड़ेगी? वार्ड 53 की यह तस्वीर चुनावी वादों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर साफ दिखाती है। वोट मांगने वालों के सामने अब जनता केवल भाषण नहीं, समाधान का हिसाब मांग सकती है। क्योंकि चुनावी नारों से शहर की बदबू नहीं जाएगी, पोस्टरों से गड्ढे नहीं भरेंगे और दावों से सीवरेज नहीं सुधरेगी।

इस बार असली सवाल यही है–विकास कागज पर है या शहर की सड़कों पर?

---

#### लावारिस कार से 110 किलो डोडा पोस्त बरामद

## मसूदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार सहित अलग-अलग नंबरों की 10 प्लेटें जब्त

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर/मसूदा।** नगर निकाय चुनाव-2026 के मद्देनजर कानून व्यवस्था एवं गश्त के दौरान मसूदा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए झाड़ियों में लावारिस खड़ी कार से 110 किलो 150 ग्राम अवैध अफीम डोडा पोस्त डंठल बरामद किया। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ कार तथा अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नंबरों की कुल 10 नंबर प्लेटें भी जब्त की हैं। पुलिस के अनुसार 7 सितंबर को थानाधिकारी विजय सिंह मीना मय जाप्ता गश्त एवं कानून व्यवस्था ड्यूटी पर थे। इसी दौरान मसूदा के पास एक दुर्घटनाग्रस्त कार लावारिस हालत में खड़ी होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मेडतिया पेट्रोल पंप से पूर्व गणपति इलेक्ट्रिक के पास गली में झाड़ियों के बीच कार खड़ी मिली। कार का पिछला शीशा टूटा हुआ था तथा अंदर कुछ कट्टे दिखाई दे रहे थे, जिन पर काला कपड़ा डाल रखा था। कार की तलाशी लेने पर 8 कट्टों में कुल 110 किलो 150 ग्राम अवैध अफीम डोडा पोस्त डंठल मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ को नियमानुसार जब्त कर कार को भी कब्जे में लिया। कार में अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नंबरों की कुल 10 नंबर प्लेटें भी बरामद हुईं। मामले में वाहन चालक व सवार अज्ञात हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृती उज्जैनियां एवं वृत्ताधिकारी मसूदा शिवराज सिंह के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी विजय सिंह मीना के नेतृत्व में की गई।





कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी विजय सिंह मीना, सउनि तेजमल, हैड कांस्टेबल बलबीर सिंह (07), हैड कांस्टेबल लक्ष्मीनारायण (56), हैड कांस्टेबल देशराज (76), कांस्टेबल महेन्द्र सिंह (691), कांस्टेबल विक्रम (722), कांस्टेबल अशोक (614), कांस्टेबल दिनेश (693) एवं कांस्टेबल विष्णु (587) शामिल रहे।

---

## तेजाजी चौक पर चोरों का धावा, 300 फीट केबल चोरी

### निर्माणाधीन मकान से बोर तक बिछाई गई केबल काटकर ले गए चोर, निर्माण कार्य प्रभावित

स्मार्ट हलचल

**मांडल** / मांडल के तेजाजी चौक स्थित एक प्लॉट पर मकान के नवनिर्माण कार्य के दौरान चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर निर्माणाधीन मकान से बोरतक बिछाई गई करीब 300 फीट केबल काटकर मौके से ले गए। घटना का पता लगने के बाद निर्माण कार्य से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। बताया गया कि निर्माण कार्य के लिए बोर से मकान तक बिजली व्यवस्था के लिए केबल बिछाई गई थी। चोर रात के समय केबल काटकर ले गए, जिससे निर्माण कार्य भी प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं को लेकर चिंता बनी हुई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, चोरी की वारदात का जल्द खुलासा करने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों ने पुलिस से मामले की जांच कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और चोरों का पता लगाने की मांग की है।

## गुरला में महिलाओं ने बछ बारस पर गाय की पूजा कर पुत्र की दीर्घायु की कामना की

स्मार्ट हलचल

**गुरला:-** भाद्रपद कृष्ण पक्ष की द्वादशी पर मनाए जाने वाले लोक पर्व बछ बारस पर शिव नगर क्षेत्र में महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ गाय-बछड़े की पूजा की। शिव नगर निवासी लक्ष्मी त्रिपाठी ने बताया कि बछ बारस पर गाय की पूजा कर सुख-शांति एवं पुत्र की दीर्घायु की कामना की जाती है। इस दिन महिलाएं पूरा दिन व्रत रखती हैं एवं चाकू (लोहे) से कटी हुई कोई भी वस्तु का सेवन नहीं किया जाता है।उन्होंने बताया कि सुबह से ही महिलाओं ने गाय और बछड़े को तिलक लगाकर, माला पहनाकर, बाजरा और हरा चारा खिलाकर पूजा की और गाय की परिक्रमा कर संतान के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। इस दिन गाय के दूध, दही, घी का सेवन वर्जित माना जाता है। बुजुर्ग महिलाओं ने बछ बारस की पौराणिक कथा सुनाई और नई पीढ़ी को इस व्रत के महत्व के बारे में बताया। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को कथा सुनकर महिलाओं ने अपना व्रत खोला। गुरला में इस पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।



---

## मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो भी कर सकेंगे मतदान, 11 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज मान्य

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से मतदान के समय इनमें से कोई एक मूल दस्तावेज साथ लाने की अपील की**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 में मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई मतदाता किसी कारणवश निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, तो वह 11 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से किसी एक मूल दस्तावेज को प्रस्तुत कर मतदान कर सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मतदाता को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए चुनाव की घोषणा से पूर्व जारी निर्धारित वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।




**ये 11 दस्तावेज होंगे मान्य**

1. आधार कार्ड।
2. विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) मनरेगा कार्ड।
3. बैंकों अथवा डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक।
4. श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड।
5. ड्राइविंग लाइसेंस।
6. पैन कार्ड।
7. भारतीय पासपोर्ट।
8. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज।
9. केंद्र एवं राज्य सरकार, लोक उपक्रम तथा पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र।
10. सांसदों एवं विधानसभा सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र।
11. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि मतदान के समय अपनी पहचान के लिए उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज साथ लेकर आएं। इससे मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में सहयोग मिलेगा।

---

## पंचायत समिति शम्भूगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का समापन, आकड़सादा ने जीता मुकाबला ....

स्मार्ट हलचल

**शम्भूगढ़।** शम्भूगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय पंचायत समिति शम्भूगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग PSPL का समापन हुआ। फाइनल मैच में अतिथि थानाधिकारी हंसपाल सिंह चौहान , नायब तहसीलदार रोनित शर्मा , व्यापार मंडल अध्यक्ष रोहित तेली, पटवारी कमल किशोर, पीटीआई देवकरण रैगर रहे। एकेडमी संचालक नरेंद्र रैगर ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान शम्भूगढ़ व आकड़सादा के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करने उतरी आकड़सादा टीम ने निर्धारित आठ ओवर में मेजबान शम्भूगढ़ को 112 रनों



का लक्ष्य दिया दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान शम्भूगढ़ के खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के कारण टीम 87 रनों पर ही बना पाई इसी तरह प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आकड़सादा ने 25 रन से जीत दर्ज की। इसी प्रतियोगिता में सोलह सौ मीटर दौड़ में महिला में पुष्पा रही, पुरुष दौड़ में शिवराज प्रथम रहे। टेन स्क्वायर स्ठ स्पोर्ट्स एवं डिफेंस एकेडमी की ओर से विजेता आकड़सादा टीम को व उपविजेता शम्भूगढ़ को ट्रॉफी प्रदान की। शम्भूगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष रोहित कुमार तेली ने विजेता, उपविजेता, मेन ऑफ द मैच, बेस्ट बेस्टमैन, बेस्ट बोलर, बेस्ट विकेट कीपर व बेस्ट फील्डर को सिल्वर मेडल दिए गए, साथ ही 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सिल्वर मेडल दिए गए। इस अवसर पर गोपाल लौहार, गजेंद्र रैगर, सोहनलाल, पूरनमल, दिनेश रैगर, सुनील सेन, दिनेश हरिजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

---

## जीवलिया में सड़क हादसा, बाइक सवार घायल

स्मार्ट हलचल


**मांडल भीलवाड़ा** सोमवार शाम को जिवलिया के पास एक सड़क हादसे में युवक घायल हो गया ,NHAI एंबुलेंस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल को मांडल के उपजिला अस्पताल पहुंचाया, अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही के आरोप मांडल क्षेत्र के जीवलिया में एक मोटरसाइकिल और रामदेवरा जा रहे एक यात्री के बीच सड़क हादसा हो गया। हादसे में भगवानपुरा निवासी 31 वर्षीय नारायण बेरवा घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही NHAI एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार देते हुए तत्काल मांडल अस्पताल पहुंचाया। एंबुलेंस पायलट गणेश गुर्जर एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने तत्परता से घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, घायल को अस्पताल पहुंचाने के बाद मांडल अस्पताल स्टाफ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। आरोप है कि घायल को एंबुलेंस से उतारकर अस्पताल के अंदर ले जाने में अस्पताल स्टाफ की ओर से आनाकानी की गई। इस दौरान एंबुलेंस स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना को लेकर अस्पताल की व्यवस्थाओं और घायल मरीजों के प्रति जिम्मेदारी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में अस्पताल प्रशासन की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है, यह देखना होगा।




## दो महीने से नगर परिषद के चक्कर लगाने के बाद भी जन्म प्रमाण पत्र नही मिला

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-र ।** भीलवाड़ा/-युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेन्द्र खटीक हमीरगढ़ ने बताया कि भीलवाड़ा नगर परिषद में जन्म प्रमाण पत्र के लिए दो महीने बीत जाने के बाद भी जन्म प्रमाण पत्र नही प्राप्त हुआ है जबकि जन्म प्रमाण पत्र के लिए सिर्फ 7 दिन तक का अंतिम दिन होता है। बहुत से लोगो ने कहा कि हम भी नगर परिषद के बहुत चक्कर लगा चुके परन्तु हमारी बात कोई सुनने वाला नही है।गाँवो से लोग बहुत सी बार नगर परिषद के चक्कर लगा चुके कभी नगर परिषद के कर्मचारी नही मिलते तो कभी जन्म प्रमाण पत्र नही मिलता है।लोगो को बिना जन्म प्रमाण पत्र के ही निराश होकर घर जाना पड़ता है।प्रशासन से अनुरोध है कि आम जन के कार्य जल्द से जल्द किये जायें व उन्हें राहत प्राप्त की जाए।



# अफीम किसानों की समस्याओं को लेकर वित्त मंत्री से मिला भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल

## नई अफीम नीति 2026-27 में किसान हित के सुझाव दिए, कटे पट्टे बहाल करने समेत कई मांगें उठाईं

स्मार्ट हलचल



**आकोला ।** भारतीय किसान संघ राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नई दिल्ली स्थित क र्तव्य भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अफीम किसानों को आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए आगामी अफीम नीति 2026-27 को किसान हितैषी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं मांगें रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि 1990 से आज तक उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर सभी कटे हुए अफीम पट्टे पुनः जारी किए जाएं। साथ ही अफीम का न्यूनतम मूल्य बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रति किलो किया जाए। किसानों ने मार्फिन की अनिवार्यता समाप्त कर वजन आधारित औसत को आधार मानने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि मार्फिन पूरी तरह प्रकृति आधारित होने के कारण इसके आधार पर किसानों का मूल्यांकन करना उचित नहीं है। किसान संघ ने NDPS अधिनियम की धारा 8/18 में संशोधन तथा धारा 8/29 को समाप्त करने की मांग भी रखी। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार धारा 8/29 के कारण भोले-भाले किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा सभी किसानों को समान आरी के पट्टे जारी करने तथा CPS वाले किसानों को भी लुवाई-चिराई के पट्टे दिए जाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने अफीम किसानों की एक अन्य प्रमुख समस्या उठाते हुए कच्चा तौल पूरी तरह बंद करने और अफीम नीति को हर वर्ष जारी करने के बजाय पांच वर्ष की अवधि के लिए लागू करने का सुझाव दिया, ताकि किसानों को दीर्घकालीन नीति की स्पष्टता मिल सके। इसी क्रम में डोडाचूरा को NDPS के दायरे से हटाकर आबकारी विभाग के अधीन लेने की मांग भी रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अफीम और डोडा का उपयोग सदियों से आयुर्वेदिक औषधियों में होता रहा है। वहीं वर्तमान समय में रासायनिक पदार्थों से तैयार किए जा रहे स्मैक जैसे घातक नशीले पदार्थों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कठोर कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान संघ के प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, प्रदेश राजस्व प्रमुख शिवराज पुरी, प्रांत जैविक प्रमुख गोपाल खटवड़, गीतालाल धाकड़ कनेरा एवं सोहनलाल आंजना छोटीसादड़ी शामिल रहे। बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ नारकोटिक्स आयुक्त दिनेश बिसेन एवं वित्त मंत्रालय के अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि सरकार आगामी अफीम नीति में किसानों की समस्याओं और सुझावों को प्राथमिकता देते हुए राहतकारी निर्णय लेगी।

# 318 मतदान केन्द्रों पर आज लोकतंत्र की परीक्षा, मतदान दल रवाना

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** नगर पालिका आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण में भीलवाड़ा नगर निगम और बीगोद नगर पालिका में मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। मंगलवार को अंतिम प्रशिक्षण पूरा होने के साथ ही 318 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल चुनावी मोर्चे पर रवाना हो गए। भीलवाड़ा नगर निगम के 293 मतदान केन्द्रों के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, तिलक नगर में मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बीगोद नगर पालिका के 25 मतदान केन्द्रों के दलों का प्रशिक्षण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीगोद में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को ईवीएम संचालन, मतदान प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति, मतदान सामग्री के इस्तेमाल तथा चुनाव आचार संहिता से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके बाद दलों को मतदान सामग्री और वाहन उपलब्ध कराकर संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। अब प्रशासन की निगाहें मतदान दिवस पर रहेंगी। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा से लेकर मतदान व्यवस्थाओं तक की तैयारियां पूरी करने का दावा किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर मतदान दलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मतदान प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। इधर, राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों का प्रचार थमने के बाद अब मैदान पूरी तरह मतदाताओं के हाथ में है। उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी और 14 सितम्बर को होने वाली मतगणना के साथ चुनावी दावों और राजनीतिक समीकरणों की असली तस्वीर सामने आएगी। 318 मतदान केन्द्रों पर तैनात मतदान दल रवाना हो चुके हैं—अब बारी मतदाता की है कि वह अपने मत से किसके पक्ष में फैसला सुनाता है।

# कई गांवों के किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट, दूध के उचित भाव की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। दूध के उचित एवं लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर मंगलवार को कई गांवों से सर्व समाज के किसान एवं पशुपालको द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय, चित्तौड़गढ़ में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर सामूहिक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों एवं पशुपालकों ने बताया कि वर्तमान समय में पशु आहार, चारा, दाना, खल-कपास्या, पशु दवाइयों एवं पशुपालन से जुड़ी अन्य लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसके बावजूद दूध के मूल्य में लागत के अनुरूप वृद्धि नहीं होने से पशुपालकों के सामने आर्थिक परेशानी बढ़ रही है। किसानों ने मांग की कि दूध के वर्तमान खरीद मूल्य में उचित एवं लाभकारी वृद्धि की जाए तथा दूध के भाव का निर्धारण पशुपालन की बढ़ती लागत को ध्यान में रखकर किया जाए। साथ ही दूध के FAT/SNF के आधार पर पारदर्शी एवं उचित भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। इसके पश्चात सर्व समाज के प्रतिनिधियों द्वारा चित्तौड़गढ़ सरस डेयरी में भी ज्ञापन प्रस्तुत कर दूध उत्पादक किसानों की समस्याओं एवं उचित दूध मूल्य की मांग से अवगत कराया गया। इस दौरान उपस्थित किसानों एवं पशुपालकों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था का विरोध करना नहीं है, बल्कि दूध उत्पादक किसानों को उनकी मेहनत एवं लागत के अनुरूप उचित मूल्य दिलाना है। उन्होंने प्रशासन एवं संबंधित दुग्ध संघ से किसानों की मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

खाद्य सुरक्षा को लेकर भीलवाड़ा में एक्शन मोड में विभाग, मॉल से ढाबे तक छापा

# केक ए फैक्ट्री व यूनिक ढाबा से 18 किलो खाद्य सामग्री व डी-मार्ट में 50 किलो फंगस लगे काजू-पिस्ता करवाए नष्ट

### *तीन टीमों ने एक साथ की ताबड़तोड़ कार्रवाई, खाद्य तेल-घी समेत चार नमूने जांच के लिए भेजे*

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा ।** आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को जिले में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर तीन टीमों ने शहर के प्रमुख मॉल, खाद्य प्रतिष्ठानों, फैक्ट्री और ढाबों का एक साथ निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की। निरीक्षण के दौरान शहर स्थित डी-मार्ट, भीलवाड़ा में खाद्य सामग्री की जांच के दौरान 50 किलोग्राम दूषित एवं फंगस लगे काजू-पिस्ता पाए गए। टीम ने आमजन के स्वास्थ्य को देखते हुए इन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया। इसी क्रम में केक ए फैक्ट्री, अजमेर रोड से 8 किलोग्राम बेकरी प्रोडक्ट तथा यूनिक ढाबा, माण्डल चौराहा से अण्डे एवं अन्य खाद्य सामग्री सहित 10 किलोग्राम सामग्री नष्ट करवाई गई। खाद्य सुरक्षा टीमों ने रिलायंस मॉल एवं सिटी सेंटर मॉल का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, पैकेजिंग, रख-रखाव एवं अन्य खाद्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित प्रतिष्ठानों को आवश्यक निर्देश दिए। अभियान के दौरान ब्लीकंट ई-कॉमर्स, नेहरू रोड से कच्ची घाणी सरसों तेल तथा द ओमजी सुपरमार्ट, शास्त्रीनगर से घी एवं धनिया पाउडर के नमूने लिए गए। संबंधित प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा मानकों में आवश्यक सुधार के लिए सुधारात्मक नोटिस जारी किए गए। सभी लिए गए खाद्य नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भिजवाया गया है। प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण अभियान की पहली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार, साक्षी जैन, शाहरूख खान एवं विजय मेहता रहे। दूसरी टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुलदीप चौधरी, नीरज मीना, अंकित शर्मा एवं संजय वर्मा ने कार्रवाई की। वहीं तीसरी टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव मय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। दूषित, मिलावटी अथवा मानकों के विपरीत खाद्य सामग्री पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# पुष्कर में उत्तराखंड की देवी नंदा का डोला आज

स्मार्ट हलचल



**पुष्कर/ अजमेर/** प्रतिवर्ष की भाँति देवी नंदा की डोला पुष्कर में बुधवार को आयेगा । उत्तराखंड आश्रम के अध्यक्ष डॉ एस एस तड़ागी ने बताया कि देवी नंदा डोला देर रात पुष्कर पहुँच जायेगा । वहाँ से डोला को लेकर उत्तराखंड धर्मशाला में लाया जायेगा । जहां प्रातः पूजा अर्चना एवं आरती होगी । इसके पश्चात देवी नंदा का डोला पुष्कर नगर शोभायात्रा निकाली जायेगी । जिसमें समाज के हज़ारों लोग शामिल होगा। बैण्ड बाजों के साथ शौभायात्रा कुर्मांचंल घाट पर डोला की पवित्र पुष्कर सरोवर पंडित जगदीश प्रसाद द्वारा घाट पर पूजा अर्चना करेंगे । इसके पश्चात देवी का डोला पुनः अपने गन्तव्य उत्तराखंड धर्मशाला पहुँचेगी। वहाँ पहुँच ने के बाद देवी के भोग लगाया जाएगा । सभी को भोजन प्रसाद कराया जाएगा । जिसमें में समाज बंधुओं के सा नगर के गणमान्य नागरिक भी शामिल होंगे ।

# लोकसभा ओम बिरला ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

## राज के स्टॉल पर पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष, मंदिरों को 21 कूलर भेंट कर सेवा का संदेश

स्मार्ट हलचल

**कोटा, कोटा** के दशहरा मैदान में आयोजित 16वें प्रांतीय टेंट एंड डेकोर एक्सपो-2026 में उद्योग, सजावट और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने को मिला। तीन दिवसीय एक्सपो में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राज स्टॉल की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं रेडक्रॉस के स्टेट प्रेसिडेंट राजेश कृष्ण बिरला के सानिध्य में प्राप्त हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्सपो का अवलोकन करते हुए विभिन्न स्टॉलों का जायजा लिया। इसी क्रम में उन्होंने राज कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के स्टॉल पर पहुंचकर कंपनी के उत्पादों की जानकारी ली। कंपनी के चैनल पार्टनर श्रीजी कूलिंग हनीकॉम्ब पैड, कोटा के निर्माता श्याम माहेश्वरी एवं पुलकित मूंधड़ा ने उनका स्वागत किया और उत्पादों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राजेश कृष्ण बिरला की प्रेरणा से सामाजिक सरोकार की पहल के तहत कोटा शहर के विभिन्न मंदिरों में 21 कूलर भेंट किए गए। इनमें आईएल मंदिर, सनातन मंदिर दादाबाड़ी, गोविंद देव मंदिर सती चबूतरा सहित अन्य मंदिर शामिल हैं। मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किए गए इस सेवा कार्य को आयोजन का विशेष आकर्षण माना गया। इस अवसर पर जयप्रकाश शर्मा एवं अंकित बिसारी आदि लोग उपस्थित रहे। श्याम माहेश्वरी एवं पुलकित मूंधड़ा ने कहा कि एक्सपो केवल व्यापारिक गतिविधियों का मंच नहीं, बल्कि समाज और शहर से जुड़ने का अवसर भी है। मंदिरों में कूलर भेंट करने की पहल इसी भावना का हिस्सा है।



# *पार्क की जमीन पर कथित अवैध सड़क निर्माण का विरोध, कॉलोनीवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन*

## अरिहंत नगर वार्ड 25 सेंथी के लोगों ने पार्क की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर पार्क के रूप में विकसित करने की मांग की; महिलाओं से अभद्रता के आरोप में सदर थाने में रिपोर्ट देने की बात

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़,** अरिहंत नगर वार्ड नंबर 25 सेंथी के कॉलोनीवासियों ने सार्वजनिक पार्क की जमीन पर कथित रूप से अनीतिगत एवं अवैधानिक तरीके से सड़क निर्माण की प्रक्रिया किए जाने के विरोध में 8 सितंबर 2026 को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि पार्क की जमीन पर मिट्टी डाली जा रही है और अतिक्रमण किया जा रहा है। साथ ही बजरी से भरे डंपर एवं अन्य बड़े वाहनों की आवाजाही से क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि पार्क की जमीन का उपयोग सड़क के रूप में किए जाने से कॉलोनी के बच्चों के लिए खेलने की जगह प्रभावित हो रही है और वाहनों की आवाजाही के कारण दुर्घटना एवं जान-माल का खतरा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की कि पार्क की जमीन पर चल रही गतिविधियों को तत्काल रोका जाए, कथित अतिक्रमण हटाया जाए और जमीन को पार्क के रूप में सुरक्षित रखते हुए पार्क का निर्माण कराया जाए, ताकि कॉलोनीवासियों एवं बच्चों को सुविधा मिल सके। ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त स्थान पर डंपरों के माध्यम से मिट्टी डाली जा रही है तथा कुछ लोगों द्वारा पार्क की जमीन से करीब 30-40 फीट का रास्ता निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि पीछे रहने वाले कॉलोनीवासियों के लिए पहले से सीसी रोड बनी हुई है, ऐसे में पार्क की जमीन से रास्ता निकालने की आवश्यकता नहीं है। कॉलोनीवासियों ने कुछ व्यक्तियों पर उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित रूप से गलत वीडियो एवं फोटो प्रसारित कर छवि धूमिल करने तथा डराने का आरोप भी लगाया है। ज्ञापन में कई लोगों के नाम लेकर अतिक्रमण एवं अन्य गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, 7 सितंबर की रात करीब 10 बजे महिलाओं के साथ कथित रूप से गाली-गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इस संबंध में सदर थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाने की बात भी ज्ञापन में कही गई है। इसी मामले को लेकर 8 सितंबर को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेश चंद्र टांक सेंती, जितेंद्र ओडवानी, राधेश्याम गुर्जर, श्रवण कुमार सिंह राव, करण सिंह राव, शिव चौबीसा, मोहित शर्मा, शुभम शर्मा, बहादुर सिंह राव, उषा जैन, किरण चौबीसा, रेखा, हेमलता सहित अन्य क्षेत्रवासी शामिल रहे।

# डाइट उदयपुर ने विकसित किया 'डेम्स' ऑटोमेशन पोर्टल, मासिक बैठक में हुआ अनावरण...

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर** तकनीकी युग में शिक्षा एवं विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, सुगम एवं डिजिटल बनाने की दिशा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), उदयपुर द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। डाइट उदयपुर ने इंटर डिपार्टमेंट कोऑर्डिनेशन, डिजिटल सर्टिफिकेट ऑटोमेशन, ए आई चैटबॉट एवं लेटर बिल्डर जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त डाइट्स एक्टिविटीज मॉनिटरिंग सिस्टम (डेम्स) ऑटोमेशन पोर्टल का निर्माण किया है। पी एंड एम प्रभारी डॉ आशुतोष तुली ने बताया की आज मंगलवार को आयोजित मासिक बैठक में डाइट प्राचार्य शीला काहाल्या द्वारा इस डेम्स पोर्टल का अनावरण किया गया। उन्होंने पोर्टल में उपलब्ध विभिन्न डिजिटल सुविधाओं एवं विभागीय कार्यों के सरलीकरण में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। पी एंड एम सह-प्रभारी दीपक सेन द्वारा 'डाइट दर्पण' के संबंध में भी उपस्थित अधिकारियों एवं प्रभागाध्यक्षों को जानकारी प्रदान की गई तथा इसकी उपयोगिता एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। ईटी सेल प्रभारी बीना कंवर राजपूत के नेतृत्व में चिराग सैनानी द्वारा इस डेम्स ऑटोमेशन पोर्टल का निर्माण किया गया जबकि ईटी सेल प्रभारी हरिदत्त शर्मा द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों के समक्ष पोर्टल की विभिन्न सुविधाओं एवं कार्यप्रणाली का प्रस्तुतीकरण किया गया। डेम्स के माध्यम से इंटर डिपार्टमेंट कोऑर्डिनेशन, डिजिटल प्रमाण-पत्र निर्माण, ए आई आधारित चैटबॉट तथा लेटर बिल्डर जैसी सुविधाओं को एकीकृत किया गया है, जिससे विभागीय कार्यों में समय की बचत के साथ-साथ कार्यप्रणाली में गति, पारदर्शिता एवं तकनीकी दक्षता को बढ़ावा मिलेगा। डॉ बृजबाला शर्मा ने डाइट सेंटर ऑफ़ एक्सेलेंस के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उसकी समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि डाइट उदयपुर की यह पहल 'तकनीकी युग में शिक्षा के बढ़ते कदम' की अवधारणा को साकार करते हुए शिक्षा विभाग में डिजिटल नवाचार एवं तकनीकी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बैठक में गायत्री जोशी, मंजू टाक, तेजपाल जैन , डॉ दिनेश बंसल , डॉ अंजली कोठारी, गिरीश चौबीसा, दर्जन सिंह सिसोदिया,अमृता जोशी, अमिता शर्मा ,सुरेंद्र सिंह शक्तावत, रतनपुरी गोस्वामी, यतीन्द्र सिंह चौहान, महेश यादव, तनसुख ओझा, खुशबू कुँवर,निर्मला कोडिया तथा नीता सांखला ने अपने अपने प्रभागों की गतिविधियों की प्रस्तुति दी।

# महेंद्र कपूर की पुण्यतिथि पर 26 सितंबर को सजेगी 'सूर-संगम' की शाम



### आई.पी.एस. मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से श्रीनाथ गार्डन में होगा आयोजन, एक दर्जन से अधिक कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़,** महान फिल्म पार्श्ववगायक स्व. महेंद्र कपूर की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर आई.पी.एस. मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से पुराने सदाबहार गीतों से सजी संगीतमय शाम 'सूर-संगम' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शनिवार, 26 सितंबर को शाम 7 बजे से नई पुलिया स्थित श्रीनाथ गार्डन में होगा। पेनल अधिवक्ता एवं ग्रुप की संचालिका भारती गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर संस्थान कार्यालय में ग्रुप के संस्थापक विजय मलकानी के नेतृत्व एवं निर्देशन में कलाकारों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विजय मलकानी ने कलाकारों को कार्यक्रम की तैयारियों और प्रस्तुतियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार महेंद्र कपूर की पुण्यतिथि के अवसर पर 'सूर-संगम' कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महान गायकों के पुराने लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। बेहतर प्रस्तुति के लिए संस्थान की ओर से विशेष स्पेशल क्वालिटी साउंड की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में स्थानीय अतिथियों के साथ प्रदेश स्तर के बाहर से भी अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम संयोजक महेंद्र जोशी ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कलाकारों की नियमित प्रैक्टिस 10 सितंबर से संस्थान कार्यालय में शुरू होगी। कार्यक्रम में ग्रुप के एक दर्जन से अधिक कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे।

# बहुजन समाज पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, वार्ड 9 से अयूब खान मैदान में

### बसपा विधानसभा प्रभारी बालू नायक बोले–बसपा के बिना नगर पालिका में किसी भी दल का बोर्ड बनाना मुश्किल

स्मार्ट हलचल




**कपासन ।** नगर पालिका कपासन के वार्ड नंबर 9 से बहुजन समाज पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार अयूब खान के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। बसपा के चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष राधेश्याम मेघवाल ने नीला फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आरएस कमांडर एवं विधानसभा प्रभारी तथा पूर्व विधायक प्रत्याशी बालू नायक मोखमपुरा मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार कपासन नगर पालिका में बहुजन समाज पार्टी की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। उन्होंने दावा किया कि बसपा के बिना किसी भी पार्टी के लिए नगर पालिका में अपना बोर्ड बनाना मुश्किल होगा। बालू नायक ने सत्ताधारी पार्टी के प्रति लोगों में नाराजगी होने का दावा करते हुए कहा कि इसका असर निकाय चुनाव में देखने को मिल सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुराद खान, रमेश किर, मंजूर खान, माजिद भाई, अजय वाल्मीकि सहित वार्ड नंबर 9 के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# हाड़ौती की कला, पर्यटन और एआई को मिलेगा अकादमिक मंच - कुलगुरू प्रो.बी पी सारस्वत

## कुलगुरु सारस्वत के विजन से कोटा विश्वविद्यालय में कौशल, तकनीक और रोजगार आधारित शिक्षा को बढ़ावा

### वन्यजीव पर्यटन, पारंपरिक चित्रकला और एआई में करियर के नए अवसर खोलेगा कोटा विश्वविद्यालय

### कोटा विश्वविद्यालय में रोजगारोन्मुखी नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत, पर्यटन से एआई तक बढ़ेगा दायरा






स्मार्ट हलचल

**कोटा।** बदलते रोजगार बाजार और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कोटा विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कई नए रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इनमें वन्यजीव पर्यटन, बूंदी-कोटा पारंपरिक चित्रण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस तथा खेल प्रबंधन एवं पर्यटन जैसे उभरते क्षेत्र शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, अनुसंधान और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा। कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने कहा कि आज उच्च शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित रखने के बजाय विद्यार्थियों को बदलती तकनीक और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना जरूरी है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ कौशल, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करे तथा उन्हें रोजगार के साथ स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए भी सक्षम बनाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की स्थानीय संभावनाओं को उच्च शिक्षा से जोड़कर युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

**वन्यजीव पर्यटन में पीजी डिप्लोमा**

पर्यटन एवं आतिथ्य विभाग द्वारा 'पीजी डिप्लोमा इन वाइल्डलाइफ टूरिज्म' शुरू किया जा रहा है। हाड़ौती क्षेत्र की प्राकृतिक एवं वन्यजीव संपदा को देखते हुए यह पाठ्यक्रम विशेष महत्व रखता है। कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ में वन क्षेत्र, जैव विविधता, नदियां, आर्द्रभूमियां तथा प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत मौजूद है। मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व सहित अन्य वन्यजीव क्षेत्रों को अध्ययन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। पाठ्यक्रम में वन्यजीव प्रबंधन, पारिस्थितिकी, सतत एवं जिम्मेदार पर्यटन, आतिथ्य प्रबंधन और स्थानीय समुदायों की भागीदारी पर जोर रहेगा। वन्यजीव रिसॉर्ट प्रबंधन, सफारी संचालन, प्रकृति फोटोग्राफी तथा पर्यटन से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार और उद्यमिता के अवसर विकसित करना इसका प्रमुख उद्देश्य है।

**बूंदी-कोटा चित्रशैली को मिलेगा अकादमिक मंच**

विश्वविद्यालय द्वारा बूंदी-कोटा पारंपरिक चित्रण शैली में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा भी प्रस्तावित है। इसमें लघुचित्र एवं भित्ति चित्रण की ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक परंपरा के साथ पारंपरिक चित्रण तकनीक, प्राकृतिक रंगों, चित्र निर्माण प्रक्रिया और संरक्षण का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम के जरिए क्षेत्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ विद्यार्थियों में शोध, सृजनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता विकसित करने का प्रयास होगा। कला शिक्षा, संग्रहालय अध्ययन, सांस्कृतिक पर्यटन, कला संरक्षण, डिजाइन, कला विपणन और स्वरोजगार के क्षेत्र में रोजगारपरक दक्षताओं के विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा।

**एआई और डेटा साइंस में बीएससी**

तकनीकी क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय बीएससी इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस शुरू कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इसमें लचीले प्रवेश-निकास विकल्प होंगे। चार सेमेस्टर पूरा करने पर डिप्लोमा, छह सेमेस्टर पर बीएससी तथा आठ सेमेस्टर पर बीएससी ऑनर्स/रिसर्च की डिग्री का प्रावधान है। पाठ्यक्रम में एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स, प्रेडिक्टिव मॉडलिंग, मशीन लर्निंग, एमएलऑप्स, एनएलपी, बिग डेटा सिस्टम्स और एआई एथिक्स जैसे विषय शामिल होंगे। विद्यार्थियों को पाइथन, आर,टेन्सरफ्लो, पाईटॉर्च,एसक्यूएल और क्लाउड प्लेटफॉर्म जैसे उद्योग-मानक टूल्स का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया जाएगा। औद्योगिक इंटर्नशिप, तकनीकी बूट कैंप, वास्तविक दुनिया के केस स्टडी और कैपस्टोन रिसर्च प्रोजेक्ट भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे।

**खेल प्रबंधन और पर्यटन पर भी जोर**

पर्यटन एवं आतिथ्य विभाग में 'स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एंड टूरिज्म' को भी शामिल किया जा रहा है। विद्यार्थियों को खेल आयोजनों के प्रबंधन, मार्केटिंग, वित्तपोषण और खेल पर्यटन की रणनीतियों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। बड़े खेल आयोजनों और एडवेंचर स्पोर्ट्स के माध्यम से पर्यटन स्थलों के विकास के साथ पर्यावरण एवं स्थानीय संस्कृति के संरक्षण पर भी ध्यान रहेगा।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर उदयपुर फिजियोथेरेपी नेटवर्क ने आयोजित की भव्य मैराथन

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर, 8 सितम्बर।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर उदयपुर फिजियोथेरेपी नेटवर्क (यूपीएन) द्वारा फिजियोथेरेपी एवं स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से भव्य मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उदयपुर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फिजियोथेरेपिस्ट, वरिष्ठ चिकित्सक, विद्यार्थी एवं फिटनेस से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. बलदीप शर्मा ने बताया कि उदयपुर फिजियोथेरेपी नेटवर्क उदयपुर के फिजियोथेरेपिस्ट्स का एक सशक्त एवं समर्पित समूह है, जिसकी स्थापना डॉ. वीर सिंह, डॉ. दिनेश मेनारिया एवं डॉ. अंकित उपाध्याय द्वारा की गई है। नेटवर्क का उद्देश्य फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, फिजियोथेरेपिस्ट्स को एक मंच प्रदान करना तथा समाज में स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पीयूष देवपुरा, डॉ. स्वाति देवपुरा एवं डॉ. प्रमोद राठौड़ रहे। इनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मंच संचालन एवं आयोजन व्यवस्था को डॉ. बलदीप शर्मा, डॉ. टीना ज्ञान सिंह एवं डॉ. शुभम मेनारिया ने संभाला। सभी ने कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैराथन में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं पैसिफिक मेडिकल कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी ने भी अपने विद्यार्थियों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दोनों संस्थानों के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी ने कार्यक्रम में विशेष उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम के फिटनेस सहयोगी ट्राइफॉर्म फिटनेस जिम रहे, जिनका प्रतिनिधित्व ऋषभ जैन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक नेशनल मेनारिया डॉ गौरव डॉ सिद्धार्थ डॉ भाविन डॉ सौरभ डॉ तुषार भारद्वाज, डॉ धर्मेंद्र दर्जी एवं डॉ. राकेश ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। उनकी सक्रिय भागीदारी एवं समर्पण से कार्यक्रम का संचालन सुचारु रूप से किया जा सका। मैराथन के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। आयोजन में फिजियोथेरेपिस्ट्स और विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने 'गतिशीलता ही औषधि है' के संदेश को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाया। उदयपुर फिजियोथेरेपी नेटवर्क ने सभी वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट्स, विद्यार्थियों, फिटनेस सहयोगी, स्वयंसेवकों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का यह आयोजन सफल एवं यादगार बना।

## केलवा में विज्ञान मेले का आयोजन, 300 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

### चल विज्ञान प्रयोगशाला के माध्यम से विद्यार्थियों ने देखे रसायन, भौतिक एवं जीव विज्ञान के प्रयोग और उपकरण; विशेषज्ञों ने जिज्ञासाओं का किया समाधान

स्मार्ट हलचल




**केलवा (राजसमंद)।** श्रीमती फूलीदेवी अंशुल बोहरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, केलवा में विज्ञान समिति, उदयपुर की ओर से 'इंदिरा अजय मुर्डिया चल विज्ञान प्रयोगशाला' के माध्यम से सोमवार को विशाल विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में विज्ञान समिति के कुलप्रमुख डॉ. के.एल. कोठारी ने संस्था की 67 वर्ष पूर्व केलवा में स्थापना से लेकर वर्तमान तक समिति द्वारा किए गए विज्ञान एवं समाज सेवा के प्रमुख कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में श्रेष्ठ कार्य करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. के.पी. तलेसरा ने डॉ. होमी जहांगीर भाभा, विक्रम साराभाई और डॉ. डी.एस. कोठारी के परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान एवं रक्षा विज्ञान के क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसरों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय शिक्षक अखिल नागदा ने किया। विज्ञान मेला प्रभारी प्रकाश तातेड़ ने बताया कि मेले में रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं जीव विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतिदर्श एवं उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का रुचि के साथ अवलोकन किया और विज्ञान समिति के विषय विशेषज्ञों से अपने सवाल पूछकर जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रदर्शनी के दौरान डॉ. के.एल. तोतावत, डॉ. के.पी. तलेसरा, रेणु भंडारी, इंजीनियर अरुण अग्रवाल, गीता सिंह, पंकज शर्मा, मधु मित्तल, डॉ. बी.एल. चावत, अविनाश भटनागर, मंजुला शर्मा सहित विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मांगीलाल तेली एवं राजकुमार लक्षकार तथा तेरापंथ सभा के पदाधिकारी दिनेश कोठारी, नरेंद्र बोहरा, सुभाष कोठारी, ख्यालीलाल कोठारी एवं देवीलाल कोठारी का सहयोग रहा। लगभग सात घंटे चले इस विज्ञान मेले को दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया गया। आयोजन के अगले चरण के लिए कुछ समूहों ने उदयपुर आकर चल विज्ञान प्रयोगशाला कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण भी कराया।

### जयपुर नगर निगम वार्ड 68 में गीता देवी पत्नी जनसेवक शंकर सिरोली का सघन जनसंपर्क संपन्न,

# 22 कॉलोनियों में उमड़ा जनसैलाब, भारी बहुमत से विजई बनाने का लिया संकल्प

## जगह-जगह देवतुल्य जनता ने किया भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल





**जगतपुरा** भरत देवड़वाल। जयपुर नगर निगम वार्ड नंबर 68 से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी गीता देवी मीणा का मंगलवार का जनसंपर्क एवं स्वागत कार्यक्रम हर्षोल्लास और कार्यकर्ताओं, मतदाताओं के बड़े जोश के साथ संपन्न हुआ।

मंगलवार को दिनभर प्रत्याशी ने वार्ड की 68 की विभिन्न कॉलोनियों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। वार्डवासियों ने भारी बहुमत से विजयी बनाकर वार्ड की कमान सौंपने का वादा किया।

**प्रमुख स्थानों पर जनसंपर्क:**

प्रातः चक सालिगराम पुरा की ढाणी, नृसिंह विहार स्चद्धञ्ज के सामने, विजय नगर, राजीव गांधी नगर, आशादीप ग्रीन एवेन्यू, लोटस विला, बॉस एंक्लेव, महिमा पैनोरमा, भव्या टॉवर, ओबीसी कॉलोनी, बैंक ऑफिसर्स, रामनगरिया विस्तार, विनायक एंक्लेव से लेकर दोपहर में विश्व विद्यालय नगर, रोहिणी नगर जगतपुरा, रोहिणी नगर टीलावाला, विज्ञान नगर, शिक्षा विहार, शिवम नगर स्चद्धञ्ज, सीरा की ढाणी, नृसिंह वाटिका तथा शाम को केन्द्रीय विहार-द्वद्ध एवं भव्या ग्रीन में जनसंवाद किया गया। जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियों ने सड़क, पानी, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट एवं पार्कों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रत्याशी गीता देवी मीणा ने सभी को आश्वस्त किया कि जीत के बाद वार्ड के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

**विज्ञान नगर विकास समिति ने दिया पूर्ण समर्थन:**

इसी क्रम में वार्ड 68 से कांग्रेस प्रत्याशी गीता देवी मीणा का विज्ञान नगर स्थित शिव जी मंदिर में विज्ञान नगर विकास समिति की देवतुल्य जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समिति के सदस्यों ने माला और साफा पहनाकर गीता देवी मीणा और शंकर लाल सिरोली का सम्मान किया और आगामी पार्षद चुनाव में पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बहन मनोहरी देवी ने तन-मन से समर्थन दिलाया, जिसके लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रमुख सदस्य अर्जुन यादव, गणेश बराला, मुकेश मीना (मोहित स्टील), जगदीश गुरुजी (माधोगढ़), लालचंद तहसीलदार (माधोगढ़), शिव सिंह मीना, शिवराम मीना, बनवारी मीना, माथुर साहब, राजावत एवं समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

समिति ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए गीता देवी मीणा सबसे योग्य उम्मीदवार हैं और विज्ञान नगर की पूरी टीम उनके साथ है।

इस पर गीता देवी मीणा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा - 'आपके इस प्यार और समर्थन को कभी नहीं भूलूंगी और वार्ड के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगी।'

**नारा** - विकास, सहयोग, विश्वास। आपका सहयोग ही मेरी ताकत।

## बछ बारस पर गाय-बछड़े की पूजा, परिवार की सुख-समृद्धि की कामना



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** बछ बारस के पर्व पर शहर में महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गाय-बछड़े की पूजा-अर्चना की। विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही महिलाओं ने गाय-बछड़े को तिलक लगाकर विधि-विधान से पूजा की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की मंगलकामना की। पूजा के बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से बछ बारस की कथा सुनी। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बछ बारस के दिन गाय और बछड़े की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। पूजा-अर्चना में सीता खींची, गीता खींची, टीना खींची, निशा दायमा, आशा चंदेल, सुमित्रा, हंसा शर्मा, रेखा भाट, भारती भाट, सुषमा धीमान और रश्मि लाटा सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

## वार्ड की बेटी बनकर करूंगी सेवा, हर समस्या के समाधान का प्रयास रहेगा—पूजा राठौड़



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** निकाय चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 39 में निर्दलीय प्रत्याशी पूजा राठौड़ ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने वार्ड में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान की अपील की। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने वार्ड के विकास और मूलभूत समस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया। पूजा राठौड़ ने कहा कि वे जमीन से जुड़ी हुई हैं और वार्डवासियों को अपने परिवार की तरह मानती हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड की किसी भी समस्या को अपनी परेशानी समझकर उसके समाधान के लिए पूरी मेहनत से प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि वे वार्डवासियों के साथ बेटी और परिवार के सदस्य की तरह हर परिस्थिति में खड़ी रहेंगी। उन्होंने महिलाओं के हित में भी काम करने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार की ओर से महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। साथ ही वार्ड के पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग किया जाएगा। पूजा राठौड़ ने कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड का विकास और लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करवाना है। उन्होंने वार्डवासियों से विश्वास और समर्थन मांगते हुए 'टेलीफोन' चुनाव चिन्ह पर मतदान करने की अपील की।

## आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का शोर थमा,घर घर प्रचार

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर/** तीर्थनगरी पुष्कर में निकाय चुनाव का सियासी स ग्राम अब अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। चुनाव प्रचार के लिए बचा समय बेहद कम है और इसी के साथ भाजपा, कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शहर की गलियों से लेकर वार्डों तक चुनावी हलचल तेज है और प्रत्याशी मतदाताओं के घर-घर दस्तक देकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। इसके बाद न कोई सभा, न रैली और न ही सार्वजनिक प्रचार का दौर चलेगा। लिहाजा प्रचार के आखिरी घंटों को प्रत्याशी अपने लिए सबसे अहम मान रहे हैं। अब पूरा फोकस डोर-टू-डोर कैंपेनिंग पर है, जहां प्रत्याशी मतदाताओं से सीधे संवाद कर रहे हैं और अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

## मतदान दिवस पर आचार संहिता तोड़ी तो होगी कार्रवाई, 200 मीटर में कैम्प पर रोक

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** नगर निकाय चुनाव के मतदान दिवस को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को आदर्श आचार संहिता की कड़ाई से पालना के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में हो, इसके लिए सभी दल और प्रत्याशी निर्वाचन नियमों का पालन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में चुनावी कैम्प नहीं लगाए जा सकेंगे, जबकि मतदान केन्द्र एवं उसकी 100 मीटर की परिधि में मतदाताओं से मतयाचना पर पूरी तरह रोक रहेगी। मतदान दिवस तथा उससे पूर्व के 48 घंटों में शराब का वितरण या पेशकश भी नहीं की जा सकेगी।

उन्होंने राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को अधिकृत कार्यकर्ताओं को पहचान-पत्र उपलब्ध कराने तथा मतदाताओं को दी जाने वाली पहचान पर्चियां सादे सफेद कागज पर रखने के निर्देश दिए। इन पर्चियों पर किसी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या चुनाव चिह्न का उल्लेख नहीं किया जाएगा।

वाहनों के संचालन को लेकर भी निर्वाचन नियमों की पालना अनिवार्य होगी। अधिकृत परमिट वाले वाहनों पर परमिट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। कार्यकर्ताओं द्वारा अपने परिवार के अलावा अन्य मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही गलत नाम से मतदान करने अथवा मतदाता का प्रतिरूपण करने का प्रयास नहीं किया जा सकेगा।

मीना ने सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से निर्वाचन प्रक्रिया की गरिमा बनाए रखने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## पृथ्वीराज खटीक ने पूरी की 51वीं मैराथन दौड़, एज कैटेगरी में हासिल किया 9वां स्थान

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़,** रविवार को उदयपुर में आयोजित हाफ मैराथन दौड़ में चित्तौड़गढ़ के धावक पृथ्वीराज खटीक ने हिस्सा लेकर अपनी 51वीं मैराथन दौड़ पूरी की। इस दौरान उन्होंने एज कैटेगरी में शामिल 300 से अधिक प्रतिभागियों के बीच 9वां स्थान हासिल किया। पृथ्वीराज खटीक इससे पहले भी देश के कई राज्यों में आयोजित विभिन्न मैराथन दौड़ों में भाग ले चुके हैं। 51वीं मैराथन पूरी करना उनके लगातार जारी दौड़ अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि के साथ निर्धारित प्रथम लक्ष्य को हासिल किया।

आबू में मिला देश का दूसरा सबसे मोटा सफेदा वृक्ष

# ब्रिटिशकाल में रोपा गया करीब 150 साल पुराना पेड़, राष्ट्रीय रिकॉर्ड से मिलान के बाद सामने आया महत्व

## वन विज्ञानी डॉ. सतीश कुमार शर्मा के शोध से राजस्थान की वृक्ष विरासत का नया अध्याय उजागर

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर/जयपुर, 8 सितम्बर।** राजस्थान की प्राकृतिक और वन विरासत को लेकर एक महत्वपूर्ण खोज सामने आई है। माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य में ब्रिटिशकाल में लगाया गया करीब 150 वर्ष पुराना सफेदा (यूकेलिप्टस) वृक्ष देश का दूसरा सबसे मोटा सफेदा वृक्ष पाया गया है। इसकी खोज और रिकॉर्ड संबंधी पड़ताल उदयपुर के वन विशेषज्ञ एवं पूर्व वन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने की है। माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य के उप वन संरक्षक अनिल गुप्ता की सूचना के बाद डॉ. शर्मा ने मौके पर पहुंचकर वृक्ष का अध्ययन किया और इसके माप-आंकड़ों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड से मिलान किया। डॉ. शर्मा के शोध के अनुसार आबू पर्वत का यह विशाल सफेदा वृक्ष लगभग 150 वर्ष पुराना, करीब 20 मीटर ऊंचा है। इसकी वक्ष ऊंचाई (छाती की ऊंचाई) पर परिधि 4.55 मीटर दर्ज की गई है। यही आंकड़ा इसे देश के विशाल सफेदा वृक्षों में दूसरे स्थान पर पहुंचाता है। खास बात यह है कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड में दर्ज देश के सबसे मोटे सफेदा वृक्ष से आबू का यह वृक्ष महज 15 सेंटीमीटर पीछे है।





**1859 में लगाया गया था देश का सबसे मोटा सफेदा**

राष्ट्रीय रिकॉर्ड के अनुसार आंध्र प्रदेश के अनामैया जिले की मदनपल्ली रेंज स्थित हॉर्सली हिल पर देश का सबसे मोटा सफेदा वृक्ष दर्ज है। हिल स्टेशन के नाम पर इसका नाम हॉर्सली हिल रखा गया। वर्ष 1859 में तत्कालीन चित्तूर जिले के कलेक्टर डब्ल्यू. एच. हॉर्सले ने वहां यूकेलिप्टस ग्रैंडिस प्रजाति का पौधा लगाया था। वर्ष 1995 में भारत सरकार ने इस वृक्ष को देश का सबसे बड़ा सफेदा वृक्ष घोषित करते हुए महावृक्ष पुरस्कार प्रदान किया था। उस समय वृक्ष की आयु करीब 136 वर्ष, ऊंचाई 36 मीटर और वक्ष ऊंचाई पर परिधि 4.38 मीटर दर्ज की गई थी। वर्तमान में इसकी आयु करीब 167 वर्ष, ऊंचाई लगभग 40 मीटर और परिधि 4.70 मीटर बताई गई है।

**सिर्फ 15 सेंटीमीटर का अंतर**

आबू के सफेदा वृक्ष की खासियत उसकी मोटाई के साथ-साथ उसकी संरचना भी है। डॉ. सतीश कुमार शर्मा के अनुसार वृक्ष के तने पर करीब तीन मीटर तक कोई शाखा नहीं है। इसके बाद तना कई शाखाओं में विभाजित हो जाता है। इतनी उम्र के बावजूद वृक्ष का खड़ा होना और उसका विशाल आकार आबू पर्वत की अनूठी जलवायु और यहां मौजूद पुराने वृक्षों की विरासत को सामने लाता है। डॉ. शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध महावृक्ष रिकॉर्ड से इसके आंकड़ों का मिलान कर इस वृक्ष की अहमियत सामने रखी है। उनके अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि आबू का यह पेड़ केवल राजस्थान का विशालतम सफेदा ही नहीं, बल्कि मोटाई के लिहाज से देश की महत्वपूर्ण वृक्ष विरासतों में शामिल है।

**अब संरक्षण और पहचान की तैयारी**

इस महत्वपूर्ण खोज के बाद वन विभाग द्वारा वृक्ष के संरक्षण की दिशा में कदम उठाए जाने की तैयारी है। वृक्ष के समीप सूचना पट्ट (साइन बोर्ड) लगाने की योजना है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को राजस्थान की इस दुर्लभ वृक्ष विरासत के बारे में जानकारी मिल सके। डॉ. शर्मा का कहना है कि ऐसे पुराने और विशाल वृक्ष केवल पेड़ नहीं, बल्कि किसी क्षेत्र के प्राकृतिक इतिहास के जीवंत दस्तावेज होते हैं। इनका वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण और संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद जरूरी है। माउंट आबू में मिला यह सफेदा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि देश के सबसे मोटे सफेदा वृक्ष और इसके बीच अब अंतर महज 15 सेंटीमीटर रह गया है। ऐसे में डॉ. सतीश कुमार शर्मा का यह शोध राजस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण वन-विरासत उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है।

# 198 मतदान दल रवाना, ब्यावर सहित तीन निकायों में मतदान



## ब्यावर, विजयनगर और मसूदा के 198 बूथों पर ड्यूटी संभालेंगे मतदान दल

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के मतदान को लेकर मंगलवार को जिले के तीन नगरीय निकायों के लिए मतदान दल रवाना किए गए। ब्यावर नगर परिषद सहित विजयनगर और मसूदा नगरपालिकाओं के कुल 198 मतदान केन्द्रों पर बुधवार को मतदान होगा। ब्यावर नगर परिषद के लिए नियुक्त 138 मतदान दलों को राजकीय कन्या महाविद्यालय से जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना के निर्देशन में रवाना किया गया। वहीं विजयनगर व मसूदा के मतदान दलों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों से मतदान केन्द्रों के लिए भेजा गया। मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराने के साथ प्रशिक्षण और परिवहन की व्यवस्था की गई। रवानगी के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने मतदान कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पूरी पालना सुनिश्चित की जाए और सभी कार्मिक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं निष्पक्षता से करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मलाल जाट सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# हमीरवास पुलिस थाने पर प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों से मारपीट करने, वर्दी फाड़ने का आरोप,

## 40 से अधिक लोगों के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर :-** हमीरवास पुलिस थाने के घेराव को लेकर हुई लाठी चार्ज मामले में पुलिस ने चालीस से अधिक लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कि या है ए एस आई सुभाष चंद्रा ने दर्ज मामले में बताया कि सोमवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थाने की ओर बढ़ते हुए बैरिकेड्स तोड़ दिए तथा स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा।भीड़ को रोकने के प्रयास के दौरान प्रदर्शनकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों, महिला पुलिसकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार, धक्का-मुक्की और मारपीट की। इसके बाद भीड़ की ओर से पथराव शुरू कर दिया गया। और सड़क से गुजर रहे वाहनों पर भी पत्थर फेंके गए। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारी पहले धरना स्थल से पिलानी की तरफ गए और बाद में अचानक पुलिस थाने के मुख्य गेट की ओर बढ़ने लगे। पुलिस का आरोप है कि इस दौरान थाने पर कब्जा करने और आग लगाने जैसे नारे लगाए गए तथा प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स और दीवारों के ऊपर से थाने में घुसने का प्रयास किया पथराव और धक्का-मुक्की में मुकेश कुमार पीसी आरएसी, बनवारीलाल हैड कांस्टेबल, बजरंग कांस्टेबल, मनीराम हैड कांस्टेबल, महिला हैड कांस्टेबल रिनू, विक्रम कांस्टेबल, ठाकुरदास कांस्टेबल, महिला हैड कांस्टेबल सुशीला, महिला कांस्टेबल अनिता, संदीप कांस्टेबल, रामनारायण हैड कांस्टेबल, लीलाधर हैड कांस्टेबल, महेंद्र हैड कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल अनुराधा तथा महिला कांस्टेबल संतोष सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार कुछ जवानों के हाथ, कलाई, सिर, आंख, घुटने, कंधे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। वहीं, धक्का-मुक्की के दौरान महिला हैड कांस्टेबल रिनू की कान की बाली छीनने तथा लीलाधर हैड कांस्टेबल और बजरंग हैड कांस्टेबल की वर्दी फाड़ने का भी आरोप लगाया गया है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने धरने का नेतृत्व कर रहे लोगों और युवती के परिजनों से बातचीत की।तथा मानवीय और तकनीकी माध्यमों से हरसंभव प्रयास युवती की तलाश किए जा रहे हैं। साइबर सेल चूरू द्वारा भी निगरानी किए जाने की जानकारी दी गई। पुलिस के मुताबिक समझाइश के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने धरना जारी रखने की बात कही। मामले में कुरडाराम निवासी ढाणी कुम्हारान, सोनू जिलोवा निवासी नोरंगपुरा, नरेंद्र सिगड़ा और सुरेश भगीणा को पुलिस ने डिटेन किया और उनका मेडिकल परीक्षण करवाया जा रहा है।इसके अलावा आनंद गोस्वामी निवासी कानावासी, नितेश निवासी इंद्रपुरा, भादर सिंह मीण निवासी बास किरतान, सोमवीर निवासी ग्वालीसर, सज्जन निवासी रामपुरा, मिश्रो देवी पत्नी मनीष तथा अनिता पुत्री रामकिशन को भी पुलिस द्वारा डिटेन किए जाने की बात सामने आई है।




# शिक्षा के क्षेत्र में दान करने वाले भामाशाहों का जिला कलक्टर ने किया सम्मान

## 80 साल की मांगी बाई ने स्कूल को मंदिर और बच्चों को भगवान माना

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़ ।** उम्र 80 वर्ष, जीवन में कोई बेटा-बेटी नहीं और खुद निरक्षर लेकिन गांव के बच्चों की जिंदगी शिक्षा से रोशन हो, इस भावना ने मांगीबाई अहीर को ऐसा संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया कि उनकी कहानी समाज के लिए अनुकरणीय बन गई। इसी के चले चितौड़गढ़ जिला कलेक्टर ने भामाशाहों को सम्मानित किया। राशमी तहसील के देवीपुरा गांव की निवासी मांगी बाई ने विद्यालय को ही मंदिर और बच्चों को भगवान मानते हुए 15 लाख रुपए विद्यालय विकास के लिए दान कर दिए। विधवा मांगीबाई वर्तमान में अपने भतीजे देवीलाल अहीर के साथ रहती हैं। पहले धार्मिक कार्यों में दान करने वाली मांगी बाई ने अब शिक्षा को ही सबसे बड़ी सेवा मान लिया है। उन्होंने विद्यालय में पानी की टंकी, एक कक्षाकक्ष और सरस्वती मंदिर के निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के लिए सहयोग दिया। उनका मानना है कि गांव के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और आगे बढ़ें, इससे बड़ी खुशी उनके लिए कुछ नहीं है। मांगी बाई के शिक्षा के प्रति इस समर्पण को जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बताते हुए शिक्षा विभाग के भामाशाहों को प्रोत्साहित करने के लिए हर माह आठ भामाशाहों के सम्मान की पहल की है। इसी क्रम में आज समिति कक्ष में जिला कलक्टर ने दान करने वाले भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने कहा कि शिक्षा के मंदिरों को समृद्ध करना ही सच्ची सेवा है। विद्यालयों को उन्नत करने के लिए हर संभव सहयोग करने वाले भामाशाहों का योगदान अतुलनीय है। भामाशाहों की यह भावना अभिनंदनीय है कि समाज से बहुत कुछ मिला है, अब समाज को कुछ देने की भावना भी हो। उन्होंने मांगी बाई के समर्पण को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण समाज को प्रेरणा देते हैं। जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग में भामाशाहों को प्रोत्साहित करने के लिए हर माह आठ भामाशाहों के सम्मान की पहल की है।



**डॉ.मुस्तफा ने शुरू की डिजिटल क्रांति, मडावदा में हर घर ने जोड़ा स्कूल से नाता**

भादसोड़ा के मूल निवासी और अमेरिका में रह रहे एनआरआई डॉ. मुस्तफा ने गांव के बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए करीब 18 लाख रुपए का सहयोग किया। कम्प्यूटर लैब, शिक्षकों की व्यवस्था, इन्वर्टर, सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्होंने विद्या क्रांति फाउंडेशन बनाया है, जो क्षेत्र के विद्यालयों के विकास के लिए काम करेगा। वहीं राउप्रावि मडावदा की स्कूल प्रबंधन समिति ने 150 घरों वाले गांव के प्रत्येक परिवार को विद्यालय से जोड़ा और करीब 5 लाख रुपए जुटाकर स्कूल का विकास कराया। आज यह विद्यालय निजी स्कूलों को टक्कर दे रहा है। ग्रामीणों की मांग पर कलक्टर ने खेल मैदान के लिए भूमि प्रबंधन, बालिका शौचालय और स्मार्ट बोर्ड के प्रस्ताव सीएसआर से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए।

# वोट डालने से पहले घर बैठे चेक करें वोटर लिस्ट में अपना नाम

## ऑनलाइन मिल जाएगी वार्ड से लेकर मतदान केंद्र तक की पूरी जानकारी

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची में नाम और विवरण ऑनलाइन जांचने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मतदाता राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान की वेबसाइट पर Search Voter विकल्प के माध्यम से घर बैठे अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। मतदाता जिला, नगरीय निकाय का नाम, अपना नाम, पिता या पति का नाम और आयु दर्ज कर मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके अलावा Voter ID/EPIC नंबर के माध्यम से भी नाम की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सर्च करने पर मतदाता को वार्ड नंबर, वार्ड पार्ट नंबर, क्रम संख्या, मतदाता का नाम, पिता/पति/संबंधी का नाम, आयु, EPIC नंबर, लिंग, मकान नंबर, मतदान केंद्र क्रमांक व मतदान केंद्र का पता सहित अन्य संबंधित जानकारी भी मिल सकेगी। निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान से पहले मतदाता सूची में अपना नाम और मतदान केंद्र की जानकारी जरूर जांच लें, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# निकाय चुनाव को लेकर पुलिस जाप्ते को किया ब्रीफ

## एसपी रतन सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में जवानों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर निकाय चुनाव-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए ब्यावर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 7 सितंबर को रिजर्व पुलिस लाइन, ब्यावर में चुनाव ड्यूटी में लगाए गए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। पुलिस अधीक्षक रतन सिंह (आईपीएस) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित ब्रीफिंग में चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस जाप्ते को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने तथा चुनाव के दौरान पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने तथा आमजन के साथ विश्वास एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सभी जवान सतर्क रहें और अपने निर्धारित दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करें। 'सुरक्षित चुनाव, समृद्ध ब्यावर' के संकल्प के साथ पुलिस प्रशासन ने चुनाव व्यवस्था को लेकर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं।



# फिजियोथेरेपी शिविर में 100 से अधिक लोगों की जांच, स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश




## न्यूरोलॉजी, कार्डियो-रेस्पिरेटरी, ऑर्थोपेडिक, पीडियाट्रिक और महिला स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर विशेषज्ञों ने दी सलाह

**कोटा।** हाड़ौती फिजियोथेरेपी प्रोफेशनल ग्रुप की ओर से श्रीनाथपुरम स्टेडियम में बहु-विशेषज्ञता फिजियोथेरेपी एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्टों ने विभिन्न शारीरिक समस्याओं की प्रारंभिक जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में फिजियोथेरेपी की पांच प्रमुख विशेषज्ञताओं के तहत सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इनमें ऑर्थोपेडिक फिजियोथेरेपी के अंतर्गत हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों से संबंधित समस्याएं, न्यूरोलॉजिकल फिजियोथेरेपी में तंत्रिका तंत्र से जुड़ी परेशानियां, कार्डियो-रेस्पिरेटरी फिजियोथेरेपी में हृदय एवं श्वसन संबंधी समस्याएं, पीडियाट्रिक फिजियोथेरेपी में बच्चों से जुड़ी शारीरिक समस्याएं तथा महिला स्वास्थ्य एवं प्रसूति फिजियोथेरेपी के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित समस्याओं पर विशेषज्ञों ने परामर्श दिया। शिविर में मुद्रा एवं शारीरिक संतुलन की जांच के साथ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने एरोबिक्स, जुंबा और अन्य फिटनेस गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने नियमित शारीरिक सक्रियता, सही मुद्रा और स्वस्थ जीवनशैली को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नए सदस्यों तथा जेन-जी और मिलेनियम पीढ़ी के फिजियोथेरेपिस्ट सदस्यों के बीच टॉक शो आयोजित किया गया। संवाद के दौरान स्वास्थ्य, जीवनशैली और बदलती पीढ़ियों के बीच बेहतर सामंजस्य जैसे विषयों पर विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में ग्रुप के 200 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएपी आपूर्ति के लिए कलेक्टर टोंक ने कृषि आयुक्त को लिखा पत्र-15 सितंबर को किसान महापंचायत प्रतिनिधिमंडल से दूसरे चरण की वार्ता,

## 5 तहसीलों के 8 जीएसएस पर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-दोपहर 2 बजे बाद स्थगित; 21 सितंबर से फिर बड़े आंदोलन की चेतावनी...

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिले में डीएपी उर्वरक की कमी को लेकर किसानों का आंदोलन तेज होने के बीच जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कृषि आयुक्त, राजस्थान नरेश कुमार गोयल को डीएपी की अतिरिक्त आपूर्ति के लिए डीओ लेटर भेजा है। कलेक्टर ने जिले में 5,000 से 7,000 मीट्रिक टन अतिरिक्त डीएपी उपलब्ध करवाने की मांग की है। यह मात्रा लगभग 1 लाख से 1.40 लाख बैग के बराबर है। किसानों की मांग और आगामी सरसों की बुवाई को देखते हुए कलेक्टर ने पत्र में बताया कि जिले में वर्तमान में खुदरा विक्रेताओं के पास करीब 22 मीट्रिक टन तथा थोक विक्रेताओं के पास करीब 11 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। जिले में लगभग 3.30 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सरसों की बुवाई होती है, जो कुल बुवाई क्षेत्र का करीब 75 प्रतिशत है। सरसों की बुवाई सितंबर के अंतिम सप्ताह से अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह तक होती है। जिला कलेक्टर ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान में किसानों द्वारा डीएपी का उपयोग सरसों की फसल के लिए किया जा रहा है। जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश के कारण खेत खाली होने लगे हैं और इस समय बारिश होने से किसान बड़े क्षेत्रफल में सरसों की बुवाई की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में डीएपी की मांग लगातार बढ़ने की संभावना है।

**21 सितंबर से बड़े आंदोलन की चेतावनी**

किसान महापंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि टोंक जिले में डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हुई तो 21 सितंबर से फिर से तीन गुना ग्राम सेवा सहकारी समितियों पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। आंदोलन के अगले चरण में जिले की 10 तहसीलों की 21 जीएसएस का चयन किए जाने की बात कही गई है। किसानों ने डीएपी संकट को आगामी पंचायत राज चुनावों में प्रमुख मुद्दा बनाने की चेतावनी देते हुए नारा दिया है– 'डीएपी उर्वरक नहीं तो वोट नहीं '



किसान महापंचायत के प्रतिनिधिमंडल के साथ 15 सितंबर को दूसरे चरण की वार्ता प्रस्तावित है।

**पांच तहसीलों के आठ जीएसएस पर धरना**

डीएपी की उपलब्धता की मांग को लेकर मुण्डिया, बहड़, खण्डवा, पासरोटिया, गणेती, नगरफोर्ट, चंदलाई और अरणयाकेदार स्थित जीएसएस पर किसानों ने धरना दिया। धरने को मंगलवार 8 सितंबर दोपहर 2 बजे बाद स्थगित किया गया। इन धरना स्थलों पर किसानों को संबोधित करते हुए आंदोलनकारियों ने डीएपी की पर्याप्त एवं समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। धरना स्थलों की जिम्मेदारी संभालने वालों में मुण्डिया से शंकरलाल मीणा, बहड़ से मोहनलाल खोड़ा, खण्डवा से राजाराम पहाड़ी, पासरोटिया से रामकरण जाट, गणेती से रतन खोखर, नगरफोर्ट से प्रहलाद सुवालका, चंदलाई से सावंरलाल रुस्तमगंज तथा अरणियाकेदार से मोहन खेड़ा शामिल रहे।

**कृषि विभाग करेगा कार्रवाई, दुकानों पर रेट लिस्ट और अधिकारियों के नंबर होंगे प्रदर्शित**

कृषि विभाग की ओर से खाद-बीज विक्रेताओं के खिलाफ भी निगरानी बढ़ाने की बात कही गई है। कोई भी खाद-बीज विक्रेता बिना बिल के उत्पाद का वितरण नहीं कर सकेगा। सभी खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों पर कृषि अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे तथा खाद-बीज की रेट लिस्ट भी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाएगी।

**यूरिया की किल्लत को लेकर होगी मजिस्ट्रेट स्तर की जांच**

जिले में यूरिया की उपलब्धता को लेकर वर्ष 2017 में हुई एक बड़ी तकनीकी/रिकॉर्ड संबंधी गड़बड़ी का मामला भी सामने आया है। बताया गया है कि भूलवश 4,262.55 मीट्रिक टन यूरिया खुदरा व्यापारी शंकर खाद-बीज भंडार, ककोड़ की POS मशीन में दर्ज हो गया था। इस मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करने के लिए मजिस्ट्रेट स्तर की जांच करवाकर राजस्थान सरकार को रिपोर्ट भेजी जाएगी। इसके आधार पर भारत सरकार के उर्वरक मंत्रालय से रिकॉर्ड में दर्ज गलत यूरिया को सही करवाने की कार्रवाई की जाएगी।

**आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान महापंचायत के युवा प्रदेशाध्यक्ष**

आंदोलन की अगुवाई किसान महापंचायत के युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी कर रहे हैं। उन्होंने सभी धरना-प्रदर्शन स्थलों की निगरानी के साथ प्रशासन से समन्वय स्थापित किया। आंदोलन में प्रदेश मंत्री रतन खोखर, जिला अध्यक्ष गोपी लाल डोडवाडी, जिला उपाध्यक्ष सीताराम खादवाल, निवाई तहसील अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान, उनियारा तहसील अध्यक्ष भवानी शंकर, पीपलू तहसील अध्यक्ष दुल्लाराम प्रजापत सहित शिवजीराम चौधरी, पूर्ण बैरवा, नमोनारायण मीणा, जगदीश बैरवा, मुकेश मीणा, कमलेश चौधरी, भवानी मीना, नाथूलाल उप सरपंच बिडोली, खेमराज मीणा, गोपाल जाट पराना, केदार धाबाई पूर्व सरपंच बहड़, बाबूलाल मीणा, गिर्राज देगड़ा, रामदयाल, राधाकृष्ण मीणा, दयाराम सहित सैकड़ों पदाधिकारियों ने भूमिका निभाई।

# ग्राम पंचायत देवपुरा में प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**कोटा:** ग्राम पंचायत देवपुरा में आज समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सर्व समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य गाँव की उन प्रतिभाओं को सम्मानित करना था जिन्होंने शिक्षा, खेल, कला और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में ग्राम पंचायत देवपुरा का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रभुलाल दाधिच,विनोद मेघवाल, बालगंगाधर मीणा, प्रहलाद मेघवाल, त्रिलोक गुर्जर, मोहन मेघवाल,प्रदीप गोचर, कमलेश नागर , रामहेत वर्मा, महावीर नागर ,ज्ञानेंद्र नायक,अजय वाल्मीकि, विष्णु प्रजापति,; चौथमल सेन, कपिल धाकड़, अजय मीणा, गोविंद प्रजापति, दिनेश मेघवाल,विजय मेघवाल आदि मौजूद रहे।



**संक्षिप्त समाचार**

## फ्रांस में पहला हिंदू मंदिर: प्राण प्रतिष्ठा में 40 देशों से पहुंचे मेहमान



**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में रविवार को देश का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बीएपीएस अक्षरधाम संस्थान के गुरु महंतस्वामी महाराज ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरा किया। इसमें यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और एशिया से आए संतों, भक्तों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। मंदिर का निर्माण प्राचीन भारतीय वास्तुकला और वैदिक शिल्पशास्त्र के आधार पर किया गया है। इसमें फ्रांसीसी आधुनिक तकनीक का भी सुंदर मेल देखने को मिलता है। 13 दिनों तक चले इस महोत्सव में 40 से अधिक देशों से लोग शामिल हुए। प्रतिष्ठा से पहले पेरिस में एक भव्य नगर यात्रा निकाली गई। यात्रा में 14 सुसज्जित रथों पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां सजाई गईं। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। यात्रा एफिल टावर और एकोल मिलिटेर से होते हुए प्लास द ला कॉनकॉर्ड तक पहुंची। यात्रा ने फ्रांस में भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म का नया अध्याय खोल दिया। यह मंदिर 5000 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला है। ऊपरी तल पर पारंपरिक मंदिर और नीचे सांस्कृतिक केंद्र के रूप में हवेली बनाई गई है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रभुपाद ने भारत के सांस्कृतिक आध्यात्मिक वैभव के पुनर्जागरण का अभियान शुरू किया था। आज उसका प्रकाश यूरोप समेत पूरी दुनिया में फैल रहा है। 2024 में अबू धाबी में भी एक भव्य मंदिर का लोकार्पण हुआ था। यह निर्माण संतों की संकल्प शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा, बीएपीएस स्वामी नारायण संस्था और करोड़ों हरि भक्तों को इस अवसर पर बधाई दी गई। बीएपीएस मंदिरों से भारत के प्राचीन विचार और मानवीय मूल्य प्रसारित होते हैं। यह मंदिर फ्रांस की विविधता को समृद्ध करेगा और सांस्कृतिक संबंधों को ऊर्जा देगा। भारत और फ्रांस के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। दोनों देश राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मिलकर विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बना रहे हैं। उन्होंने कहा, यह साझेदारी पुराने सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंधों की मजबूत बुनियाद पर टिकी है। फ्रांस में भारतीय सैनिकों के बलिदान का इतिहास आज भी जीवित है। फ्रेंच स्कॉलर्स ने संस्कृत को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई है। रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद पर रोमा रोला की लेखनी समाजों को करीब लाई। प्रधानमंत्री ने कहा, दशकों पहले श्रील प्रभुपाद स्वामी ने फ्रांस आकर आध्यात्मिक संबंधों का नया अध्याय शुरू किया था। आज योग भी भारत और फ्रांस के लोगों के बीच जुड़ाव का एक अहम जरिया बन चुका है। यह स्वामी नारायण मंदिर मेड इन इंडिया है और बिल्ट इन फ्रांस है। इसके पत्थर भारत में तराशे गए हैं। भारत की प्राचीन प्रतिभा फ्रांस की आधुनिक इंजीनियरिंग से जुड़कर इस भव्य मंदिर ने आकार लिया है। यह मंदिर सदियों तक दोनों देशों के बीच सहयोग और संभावनाओं का प्रतीक बनेगा और सेवा प्रकल्पों का केंद्र होगा।

## गाजा को लेकर इस्राइल से नाराज है यूएस?: अमेरिकी प्रतिनिधि कुशनर का बड़ा बयान- बेतुकी कार्रवाई कर रहे नेतन्याहू

**कीव, एजेंसी।** अमेरिकी विशेष दूत और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर ने रविवार को कहा कि इस्राइल में होने वाले नेसेट चुनाव की वजह से गाजा के हालात को लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सरकार का रवैया थोड़ा तर्कहीन हो गया है। इस बीच, वॉशिंगटन हमास और इलाके के दूसरे हथियारबंद गुटों से हथियार हटाने की योजना को आगे बढ़ाने की कोशिशें जारी रखे हुए है। कुशनर ने ये बातें कीव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं, जहां वे रूस-यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने की कोशिशों पर बातचीत के बाद अमेरिकी दूत स्टीव विटकोफ और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ मौजूद थे। गाजा के हालात पर बात करते हुए कुशनर ने कहा कि वॉशिंगटन और इस्राइल मोटे तौर पर इस बात पर सहमत हैं कि वे क्या नतीजा चाहते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि इस्राइल में 27 अक्टूबर को होने वाले नेसेट चुनाव से पहले घरेलू राजनीतिक वजहों से यह मामला उलझ रहा है। कुशनर ने कहा, 'हम इस्राइल में कुछ राजनीतिक मुद्दों पर काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि अंतिम स्थिति को लेकर हम उनसे सहमत हैं। वहां अभी-अभी एक चुनाव हुआ है। इस वजह से कुछ मामलों में उनका व्यवहार थोड़ा अतार्किक हो गया है।' उनके ये बयान तब आए हैं जब इस्राइल ने 'बोर्ड ऑफ पीस' के उस प्रस्ताव का विरोध किया है, जिसमें गाजा में हमास और दूसरे हथियारबंद गुटों के हथियार हटाने की बात कही गई है। यह एक बड़ी योजना का हिस्सा है, जिसमें उस इलाके से इस्राइल सेना की वापसी भी शामिल होगी। अमेरिका इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस्राइल के विरोध की वजह से यह प्रक्रिया रुकी हुई है। दरअसल, कुशनर, जो गाजा को लेकर अमेरिकी कूटनीतिक कोशिशों में शामिल रहे हैं, उन्होंने वहां के हालात के बारे में निराशाजनक बात कही। उन्होंने कहा, 'गाजा में बहुत लंबे समय से हालात ठीक नहीं रहे हैं। इसे असल में एनजीओ और आतंकवादियों ने बनाया था। यह लंबे समय से एक बहुत बुरी जगह बन गया है।' ये बातें ऐसे समय में कही गईं जब गाजा पर इस्राइल के हमले जारी हैं। युद्ध के बाद की व्यवस्थाओं, खासकर हमास के हथियारों और इस्राइली सेना की वापसी के दायरे को लेकर मतभेद बने हुए हैं। शांति योजना में हमास और अन्य सशस्त्र समूहों के हथियार हटाने की प्रक्रिया को इस्राइली सेना की वापसी से जोड़ने की कोशिश की गई है, लेकिन इस प्रस्ताव को राजनीतिक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इस्राइल ऐसी किसी भी व्यवस्था

# होर्मुज बंद है या खुला: ट्रंप के दावे पर भी किया पलटवार

### अमेरिकी जहाजों पर हमला करने के बाद क्या बोला ईरान?

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहसिन रजाई ने होर्मुज जलडमरूमध्य की मौजूदा स्थिति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को सीधे खारिज किया है। ईरानी सरकारी प्रसारक आईआरआईबी से बातचीत में रजाई ने कहा कि होर्मुज पूरी तरह बंद है और ट्रंप का यह कहना कि जलडमरूमध्य खुला है, 'बहुत बड़ा झूठ' है। उनके मुताबिक जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बेहद सीमित रह गई है। रजाई ने यह भी कहा कि अमेरिका अगर ईरान को धमकी देना या उस पर हमला करना बंद कर देता है, तो ईरान होर्मुज को खुला रखने के लिए तैयार होगा। रजाई ने कहा कि होर्मुज बंद किए जाने से पहले इस रास्ते से 100 से ज्यादा जहाज गुजरते थे। इन जहाजों के जरिये 10 करोड़ टन से ज्यादा सामान का परिवहन होता था।

अब उनके दावे के मुताबिक केवल सात से आठ जहाज ही इस क्षेत्र से गुजर रहे हैं और इनमें ईरान की जरूरी वस्तुएं ले जाने वाले जहाज शामिल हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका से जुड़े कुछ जहाज चोरी-छिपे इस क्षेत्र से गुजरने की कोशिश करते हैं, जिन्हें ईरानी बल पहचानकर निशाना बनाते हैं। रजाई के अनुसार अमेरिका पांच से छह जहाजों को इस क्षेत्र से निकालने की कोशिश करता है और इन पर हमला किया जाता है।

**ईरान होर्मुज के बाहर नया प्रतिबंधित क्षेत्र क्यों बना रहा है?:** रजाई ने कहा कि आने वाले दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर एक नया प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया जाएगा। उनके मुताबिक यह क्षेत्र उस जगह से शुरू होगा, जिसे ईरान



अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी की रेखा बता रहा है और यह फारस की खाड़ी के कुछ हिस्सों तक फैलेगा। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि नए घोषित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले किसी भी जहाज को प्रतिबंधों की सूची में डाल दिया जाएगा। इसका मतलब यह है कि ईरान की ओर से समुद्री आवाजाही पर लगाई जा रही पाबंदियां केवल होर्मुज जलडमरूमध्य तक सीमित नहीं रह सकती हैं।

**ईरान ने अमेरिकी जहाजों को डुबोने से परहेज क्यों किया?:** मोहसिन रजाई ने दावा किया कि ईरान अमेरिकी तस्करी वाले जहाजों को देख रहा है और उन्हें नष्ट भी कर रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ईरान ने इन जहाजों को डुबाने का फैसला नहीं किया है। उनका तर्क है कि इन जहाजों में तेल होता है और उनके डूबने से क्षेत्र के पर्यावरण को नुकसान हो सकता है। रजाई के मुताबिक ईरान ने कुछ अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाने के लिए चिह्नित किया था, लेकिन कुछ स्थानों पर जानबूझकर हमला नहीं किया गया। इनमें जॉर्डन का टाइटन बेस और इरबिल में मौजूद कुछ अमेरिकी ठिकाने शामिल हैं।

**अमेरिका के साथ तनाव में होर्मुज इतना अहम क्यों है?:** होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच यहां जहाजों की आवाजाही को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। रजाई ने कहा कि होर्मुज को खुला रखने का भविष्य सीधे तौर पर अमेरिका के सैन्य रवैये से जुड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अमेरिका ईरान को धमकी देता रहेगा या उस पर हमला करेगा, तब तक स्थिति सामान्य नहीं होगी। इस बीच नया प्रतिबंधित क्षेत्र बनाने की चेतावनी से फारस की खाड़ी में समुद्री यातायात को लेकर चिंता और बढ़ सकती है।

**लेबनान और हिजबुल्ला को लेकर ईरान ने क्या कहा?:** मोहसिन रजाई ने लेबनान और हिजबुल्ला के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि युद्ध को केवल जीत और हार की लगातार श्रृंखला के रूप में नहीं देखा जा सकता। उनके मुताबिक युद्ध में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।

**ईरान के नए कदम से आगे क्या बदल सकता है?:** ईरान की ओर से होर्मुज के बाहर नया प्रतिबंधित क्षेत्र बनाने की घोषणा तनाव को एक नए स्तर पर ले जा सकती है। अभी रजाई के बयानों के अनुसार ईरान एक तरफ होर्मुज को अमेरिकी हमलों और धमकियों से जोड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ उन समुद्री इलाकों में भी प्रतिबंध बढ़ाने की तैयारी कर रहा है जिन्हें वह अपने सुरक्षा हितों से जुड़ा मानता है।

## 'चांद हमारा है': अमेरिकी झंडे के साथ शेयर की तस्वीर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया नया दावा




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि चंद्रमा अमेरिका का है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर चंद्रमा की एक तस्वीर पोस्ट की, जिस पर 'चंद्रमा हमारा है' लिखा था। उन्होंने तस्वीर के साथ अमेरिकी झंडा भी लगाया। चंद्रमा की तस्वीर पोस्ट करने से कुछ मिनट पहले, ट्रंप ने अमेरिकी अंतरिक्ष बल की नई काली वर्दी की एआई-जनरेटेड तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने रंगों का वर्णन 'स्पेस ग्रे, मिडनाइट ब्लैक, सिल्वर ग्रे और सैटिन ब्लैक' के रूप में किया। वर्दी में कंधे और कॉलर पर प्रतीक चिन्ह, आस्तीन पर पैच और एक बेल्ट थी।

वहीं, ट्रंप ने एक अन्य पोस्ट में न्यू मैक्सिको का नाम बदलकर ' न्यू अमेरिका' रखने का भी सुझाव दिया। उन्होंने पोस्ट किया, 'कई लोगों ने न्यू मैक्सिको का नाम बदलकर। न्यू अमेरिका रखने का सुझाव दिया। उस संभावित रूप से अविश्वसनीय राज्य के लोगों के लिए यह कितना अधिक प्रतिष्ठित और सुंदर नाम होगा। वाह, मुझे यह बहुत पसंद आया।'व्हाइट हाउस ने इस विचार का समर्थन किया। एक पोस्ट में 'मेक्सिको' को काटकर उसकी जगह 'अमेरिका' लिखा हुआ दिखाया गया था।

न्यू मेक्सिको की गवर्नर मिशेल लुजान ग्रिशम ने फॉक्स न्यूज पर जवाब देते हुए कहा कि राज्य का नाम विवाद का विषय नहीं है यह संयुक्त राज्य अमेरिका के अस्तित्व में आने से पहले से ही हमारा है।' उन्होंने कहा कि ट्रंप ईंधन की बढ़ती कीमतों जैसे मुद्दों से अमेरिकियों का ध्यान भटकाना चाहते हैं।

न्यू मेक्सिको को यह सुझाव देने से पहले एक आदेश जारी किया गया था। कुछ दिन पहले, ट्रंप ने कनाडा के साथ व्यापार विवाद के बीच लेक ओंटारियो का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' करने वाले दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने 27 अगस्त को ओवल ऑफिस से इस घोषणा की थी। लेक ओंटारियो कनाडा-अमेरिका सीमा पर स्थित पांच ग्रेट लेक्स में से एक है।

## सुपरहीरो अंदाज में दिखे डोनाल्ड ट्रंप: सीमा पर दीवार लगाकर रोके अवैध अप्रवासी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राजनीति में अब सुपरहीरो का तड़का भी लग गया है। व्हाइट हाउस ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर ग्रीन लैंटर्न थीम पर एक एआई वीडियो जारी किया है। वीडियो में ट्रंप को हरे रंग की रोशनी और सुपरहीरो जैसी ताकत के साथ दिखाया गया है, जो ग्रीन लैंटर्न के मशहूर पावर रिंग से प्रेरित है। व्हाइट हाउस के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर वीडियो साझा किया। इसके साथ ही लिखा, 'तेज धूप में हो या अंधेरी रात में, कोई बुराई मेरी नजर से नहीं बच पाएगी। जो लोग बुराई की ताकत की पूजा करते हैं, वे मेरी शक्ति से सावधान रहें। ग्रीन लैंटर्न की रोशनी!'

**वीडियो में क्या नजर आ रहा है?** : वीडियो में ट्रंप एक चमकती अंगूठी उठाते और एक चमकदार हरी सीमा दीवार बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो प्रशासन की आव्रजन नीतियों का संकेत है। इसके बाद वे अपनी शक्तियों का उपयोग अमेरिकी विनिर्माण और सैन्य प्रयासों को बढ़ाने के लिए करते हैं।

बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 31 अगस्त को एक वीडियो साझा किया था। इसमें वे खर्ग आईलैंड पर जोरदार धमाकों होते नजर आ रहे थे। वीडियो साझा करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि द्वीप को 'टुकड़े-टुकड़े' किया जा रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 'खर्ग आईलैंड के टुकड़े-टुकड़े किए जा रहे हैं।' हालांकि, उन्होंने इसके अलावा हमले को लेकर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की। ट्रंप के पोस्ट में दिखाई गई तस्वीरों में खर्ग आईलैंड पर बड़े धमाके होते नजर आ रहे हैं। खार्ग द्वीप ईरान का एक प्रमुख ऊर्जा केंद्र है, जो 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के हमलों के साथ युद्ध शुरू होने से पहले देश के लगभग 90% तेल निर्यात का संचालन करता था। द्वीप को कोई भी महत्वपूर्ण क्षति ईरान के तेल व्यापार को बाधित कर सकती है और उसकी अर्थव्यवस्था पर और दबाव डाल सकती है।

### दुनिया के नक्शे पर भारत के वोट से क्यों तिलमिलाया पाकिस्तान?:

# कश्मीर पर फिर अलापा पुराना राग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में दुनिया के नक्शे को लेकर आए एक प्रस्ताव पर भारत के समर्थन के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बयानबाजी फिर तेज हो गई है। भारत ने 4 सितंबर को अपनाए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया था। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि इस वोट का मकसद केवल दुनिया के नक्शों में महाद्वीपों के आकार को ज्यादा सही तरीके से दिखाने के सिद्धांत का समर्थन करना था। भारत ने यह भी साफ किया कि प्रस्ताव का जम्मू-कश्मीर, लद्दाख या किसी अंतरराष्ट्रीय सीमा के राजनीतिक दर्जे से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बावजूद अगले ही दिन पाकिस्तान ने भारत के रुख को निशाना बनाया और जम्मू-कश्मीर पर अपने पुराने दावे दोहरा दिए।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 4 सितंबर को दुनिया के नक्शे में महाद्वीपों के आकार को ज्यादा सही तरीके से दिखाने से जुड़ा प्रस्ताव अपनाया। इसका उद्देश्य ऐसे नक्शों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है, जिनमें अलग-अलग महाद्वीपों का क्षेत्रफल वास्तविक आकार के अनुपात में ज्यादा सही नजर आए। भारत ने इस



प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने अपने वोट की व्याख्या में समान क्षेत्रफल वाले नक्शों के सिद्धांत को समर्थन देने की बात रखी। यानी भारत का वोट किसी राजनीतिक सीमा या विवादित क्षेत्र के समर्थन में नहीं था।

**भारत ने जम्मू-कश्मीर पर क्या साफ किया? :** भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव किसी खास विश्व नक्शे को मंजूरी नहीं देता। न ही यह किसी खास नक्शा बनाने की पद्धति या राष्ट्रीय सीमाओं के चित्रण को मान्यता देता है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं, विवादित क्षेत्रों या स्थानों के नाम से जुड़े राजनीतिक नक्शों पर कोई फैसला नहीं किया गया है। भारत ने साथ ही अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को लेकर रुख को स्पष्ट, लगातार एक जैसा और गैर-परक्राम्य बताया। ऐसे में भारत के अनुसार इस प्रस्ताव को जम्मू-कश्मीर के दर्जे से जोड़ना सही नहीं है।

पाकिस्तान ने भारत के बयान पर क्या कहा? : भारत के स्पष्टीकरण के एक दिन बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सज्जाद हैदर खान ने भारत के दावे को खारिज कर दिया। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति को लेकर भारत के रुख को बेबुनियाद बताया। उसने कहा कि भारत की कथित एकतरफा कार्रवाई और जम्मू-कश्मीर पर उसका नियंत्रण क्षेत्र की स्थिति को नहीं बदल सकता। पाकिस्तान ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे में लंबे समय से लंबित विवाद बताया और इस मुद्दे पर अपने पुराने रुख को दोहराया।

## अमेरिका को समझ आ रहा: बच्चों की परवरिश माता-पिता ही बेहतर करेंगे, डे-केयर से दूरी बनाने के लिए बनी खास योजना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार एक ऐसी योजना पर काम कर रही है, जिसमें छोटे बच्चों को पालने के लिए नौकरी छोड़कर घर पर रहने वाले माता-पिता में से किसी एक अभिभावक को वित्तीय मदद दी जाएगी। दरअसल, अमेरिका अब पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों की ओर लौट रहा है जिसमें माना जाता है कि छोटे बच्चों की देखभाल डे-केयर के बजाय माता-पिता की निगरानी में होनी चाहिए।

ट्रंप प्रशासन ने इस संबंध में बाकायदा योजना का मसौदा भी तैयार कर लिया है। यह योजना मुख्यतः उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पहल का नतीजा है, जो लंबे समय से इसकी वकालत करते रहे हैं कि छोटे बच्चों को डे-केयर के मुकाबले घरेलू माहौल मिलना चाहिए, जो उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी होता है। मसौदे के मुताबिक, प्रस्तावित योजना का लाभ केवल उन विवाहित जोड़ों पर लागू होगा जिनमें एक जीवनसाथी काम करता है और दूसरा घर पर बच्चों



की देखभाल करता है। अविवाहित जोड़े या एकल अभिभावक इसके दायरे से बाहर रहेंगे। योजना को लागू करने के लिए चाइल्ड केयर एंड डेवलपमेंट फंड (सीसीडीएफ) के पैसे का उपयोग किया जाएगा। रूढ़िवादी विचारकों और हेरिटेज फाउंडेशन जैसे संगठनों ने इस कदम का समर्थन किया है। उनका मानना है कि यह नियम व्यावसायिक डे-केयर और घर पर बच्चों की परवरिश करने वाले माता-पिता के बीच भेदभाव को खत्म करेगा। व्हाइट हाउस और उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन नियम को अंतिम रूप दिए जाने से पहले इसे जनता की प्रतिक्रिया के लिए ऑनलाइन जारी किया जाएगा।चाइल्ड केयर सब्सिडी फंड से उन कामकाजी माता-पिता या पढ़ाई/ट्रेनिंग कर रहे अभिभावकों को सब्सिडी मिलती है, जिनकी पारिवारिक आय उनके राज्य की औसत आय के 85% से कम हो।

यह मदद 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए मिलती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सीसीएस फंड से मदद पाने वाले परिवारों में करीब 80% परिवार एकल कामकाजी माता-पिता हैं, जिनमें सबसे ज्यादा संख्या अकेली मांओं की है।ट्रंप प्रशासन को इस बदलाव के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी और इसे अगले वर्ष तक लागू किया सकता है।

## यमन में फिर भड़की जंग: हूतियों और सेना में भीषण लड़ाई, चार दिन में 117 लोगों की हुई मौत




**एडेन, एजेंसी।** पश्चिमी प्रांतों ताइज और होदेइदाह में यमनी सरकारी सेना और हूती समूह के बीच चार दिनों से भीषण झड़प चल रही है। इसमें अबतक कम से कम 117 लोग मारे गए हैं। यह जानकारी मेडिकल अधिकारियों ने दी। पश्चिमी तट के मोर्चे पर सरकारी सेना के साथ मौजूद एक वरिष्ठ मेडिकल अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर शिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि गुरुवार को लड़ाई शुरू होने के बाद से सरकारी सेना के 54 सैनिक मारे गए हैं। कई अन्य घायल हुए हैं।

वहीं, पश्चिमी होदेइदाह प्रांत में हूती -नियंत्रित अस्पतालों के दो मेडिकल सूत्रों ने बताया कि इसी दौरान हूती समूह के 63 सदस्य मारे गए, जिससे दोनों पक्षों की कुल मरने वालों की संख्या 117 हो गई।

यमनी सरकार के लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को होदेइदाह और ताइज के पश्चिमी प्रांतों में हूती -नियंत्रित इलाकों पर हमले किए। ये हमले रणनीतिक बाब अल-मंदाब जलडमरूमध्य के पास हूती समूह के बड़े हमले का सामना कर रही जमीनी सेना की मदद के लिए किए गए थे।अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि ये हवाई हमले ऐसे समय में किए गए जब दोनों प्रांतों में कई मोर्चों पर जबरदस्त लड़ाई चल रही थी। हूती लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में तेजी से आगे बढ़ते हुए कई इलाकों पर कब्जा कर लिया था।अधिकारी ने कहा कि लड़ाकू विमानों ने उन इलाकों में हूती ठिकानों और गतिविधियों को निशाना बनाया जहां जमीनी लड़ाई चल रही थी। हमलों या हताहतों के बारे में और जानकारी तुरंत उपलब्ध नहीं हो सकी।

सरकार के एक सैन्य अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि हूती सदस्यों द्वारा कब्जा किए जाने के कुछ ही घंटों बाद, सरकारी सेना ने रात भर चले एक तेज जवाबी हमले में पश्चिमी ताइज में कई महत्वपूर्ण ठिकानों को वापस अपने कब्जे में ले लिया।हालिया तनाव पश्चिमी यमन में पिछले कुछ वर्षों की सबसे भीषण जमीनी लड़ाइयों में से एक है। इससे देश के कई मोर्चों पर वर्षों की सापेक्ष शांति के बाद बड़े पैमाने पर लड़ाई फिर से शुरू होने की चिंता बढ़ गई है।यमन 2014 के अंत से ही संघर्ष में फंसा हुआ है, जब हूती समूह ने सना और उत्तरी यमन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमनी सरकार के समर्थन में सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अगले साल हस्तक्षेप किया था।

# नेपाल जलप्रलय के 12 दिन: पानी हुआ जहरीला, संपर्क में आते ही त्वचा पर इंफेक्शन; आंसुओं के बीच नुकसान के आंकड़े

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल आपदा के बाद भारत में आया सैलाब अब दिन-ब-दिन जहरीला होता जा रहा है। इसके संपर्क में आते ही लोगों के पूरे शरीर में इंफेक्शन फैल जाता है। लोग खुजली से परेशान हैं। यह परेशानी तब और बढ़ रही है जब संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे में पहुंच रहा है। ऐसे में इसकी चेन को ब्रेक करना बेहद मुश्किल हो रहा है। सबसे पहले इसकी चपेट में वे बुजुर्ग आए जो आपदा के बाद खेतों में काम करने गए। अब उनसे यह संक्रमण घर के दूसरे लोगों में पहुंच रहा है। शरीर में अलग-अलग जगहों पर निशान पड़ रहे है। इसकी जद में कुशीनगर और महाराजगंज के कई गांव हैं।

महाराजगंज जिला अस्पताल के वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एके द्विवेदी




ने कहा कि पानी में ई. कोलाई और अन्य फीकल बैक्टीरिया पनपने की अधिक संभावना है। जब कोई व्यक्ति ऐसे पानी के संपर्क में आता है तो बैक्टीरिया सबसे पहले त्वचा की ऊपरी परत को कमजोर कर देता है। कुशीनगर जिले के पीपरीघाट निवासी रामायण सिंह ने बताया कि खेत में काम करने के दौरान उनके पैर नेपाल से आए दूषित पानी के संपर्क में आ गए थे। इसके तुरंत बाद खुजली शुरू हो गई। सेवरही की रंभा देवी की बेटी के शरीर पर दाने हो गए हैं। आपदा के 12वें दिन चीन ने पहली बार कुछ विदेशी मीडिया संस्थानों को गिरयोंग काउंटी जाने की अनुमति दी। अब चीन के सीमावर्ती इलाके में तबाही की असली तस्वीर सामने आई। यह आव्रजन चौकी बुरी तरह तबाह हो चुकी है। यहां तक कि यह पता लगाना भी मुश्किल है कि इसका ढांचा कहां पर खड़ा था।

नेपाल में अचानक बाढ़ से मची तबाही के 12 दिन बीतने बाद भी प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति विकट बनी हुई है। राहत एवं बचाव कार्य बदस्तूर जारी है। मलबे को हटाने, सड़कों को दुरुस्त करने और संचार व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास युद्धस्तर पर जारी हैं। नेपाली सेना और इंजीनियरों की टीम अस्थायी पुल बनाने और प्रभावित लोगों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने में जुटी है। अपेक्षाकृत कम प्रभावित क्षेत्रों में कुछ लोग घरों की ओर लौटे हैं और अपनों को खोने के दर्द के बीच जिंदगी को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश में जुटे हैं। अपने टूटे-फूटे घरों को फिर से ठीक करके रहने लायक बना रहे हैं। एक बड़ा इलाका ऐसा है जहां मलबे के ढेर के अलावा कुछ नहीं बचा है। लोग इसमें अपना बचा-खुचा सामान तलाश रहे हैं। उनका कहना है कि समझ ही नहीं आ रहा कि जिंदगी फिर कहां से शुरू करें।

**खुद बचे, अब राहत अभियान में जुटे**

सुदीप कुमार न्यौपाने (31) विनाशकारी बाढ़ में बाल-बाल बच गए थे, लेकिन उनके छोटे भाई और एक करीबी सहयोगी लापता हैं। न्यौपाने अब राहत कार्यों में शामिल हो गए और रसुवा में विस्थापित लोगों के बीच भोजन तथा अन्य जरूरी सहायता सामग्री के वितरण में मदद कर रहे हैं।

### मिडिल ईस्ट में शुरू हुआ अब एक और संघर्ष

# हूती ने सऊदी अरब के तेल ठिकानों और एयरबेस को बनाया निशाना, 73 घायल

● रियाद

यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के दक्षिणी हिस्से में कई नागरिक और आर्थिक ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। सऊदी अधिकारियों के मुताबिक, हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 73 लोग घायल हुए हैं। हमलों के बाद कई स्थानों पर आग लग गई और कुछ ऊर्जा प्रतिष्ठानों का संचालन अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ।

सऊदी नेतृत्व वाले यमन गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने बताया कि हूतियों ने अबहा, खमीस मुशैत, जिजान और नजरान में नागरिक और आर्थिक ठिकानों को निशाना बनाया। हूती पक्ष ने हमलों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उसने अबहा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, किंग खालिद एयरबेस तथा सरकारी तेल कंपनी अरामको के जिजान और अबहा स्थित प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, दक्षिणी क्षेत्र में कई ऊर्जा और तेल प्रतिष्ठानों पर हमलों के कारण आग लग गई और कुछ गतिविधियां कुछ समय के लिए रोकनी पड़ीं। हालांकि, अरामको की ओर से तत्काल कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं आई।



### सऊदी ने दी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने हमलों को देश की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। अल-मलिकी ने कहा कि गठबंधन हमलों का निर्णायक जवाब देगा और खतरे के स्रोत को खत्म करने के लिए जरूरी सैन्य कार्रवाई करेगा। हूती विद्रोहियों ने हाल के महीनों में सऊदी अरब के खिलाफ हमले तेज किए हैं। उन्होंने लाल सागर में सऊदी जहाजों को निशाना बनाने के साथ समुद्री नाकाबंदी की भी घोषणा की थी।

### जेल पर हमले के बाद बढ़ा तनाव

हूती हमलों से कुछ समय पहले विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर उत्तरी यमन के जौफ प्रांत के अल-हज्म शहर में एक जेल पर हवाई हमला करने का आरोप लगाया था। हूती अधिकारियों के मुताबिक, हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था, जबकि कई लोग घायल हुए। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने सऊदी अरब को जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। सऊदी अरब ने इन आरोपों की तत्काल आधिकारिक पुष्टि नहीं की। यमन में 2014 से जारी गृहयुद्ध में हूती विद्रोहियों ने राजधानी सना समेत देश के बड़े उत्तरी हिस्से पर नियंत्रण कायम कर रखा है। वर्ष 2015 में सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमनी सरकार के समर्थन में सैन्य हस्तक्षेप किया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब में नागरिकों और ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा की।

## सिर्फ अमेरिका के भरोसे न रहें... कतर ने खाड़ी देशों को दी सुरक्षा पर चेतावनी

**दोहा, आरएनएन।** ईरान के साथ तनाव के बीच कतर ने खाड़ी देशों से अपनी सुरक्षा क्षमता मजबूत करने की अपील की है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि अमेरिका के साथ रणनीतिक गठबंधन और क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सैन्य मौजूदगी अहम है, लेकिन केवल सहयोगियों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है।

उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों को अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद उठाने के लिए तैयार रहना होगा। साथ ही ईरान के साथ रिश्तों में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बातचीत ही स्थायी समाधान का रास्ता है। अल-अंसारी ने होर्मुज स्ट्रेट को भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया और कहा कि लंबे समय तक इसके बाधित रहने का जोखिम दुनिया नहीं उठा सकती।

### हमास बड़ा हमला करने वाला है... यूएई के राष्ट्रपति ने नेतन्याहू को दी थी चेतावनी



**तेल अवीव, आरएनएन।** 7 अक्टूबर 2023 के हमास हमले से पहले इजरायल को खुफिया चेतावनी मिलने का नया दावा सामने आया है। हारेत्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, हमले से करीब 10 दिन पहले यूएई के रार्ष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर हमास के बड़े हमले की चेतावनी दी थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह जानकारी हमास नेता याह्या सिनवार से जुड़े एक सूत्र से मिली थी। दावा है कि सितंबर के अंत में नेतन्याहू और बिन जायद के बीच करीब 45 मिनट बातचीत हुई, लेकिन नेतन्याहू ने खतरे को गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि, नेतन्याहू के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस दावे को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि ऐसी कोई बातचीत या चेतावनी नहीं हुई थी। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने रिपोर्ट का समर्थन करते हुए कहा कि हमले से पहले नेतन्याहू को सिनवार के इरादों की जानकारी दी गई थी।



# रूस में हिमस्खलन से 11 पर्वतारोहियों की मौत, 6 हुए लापता, 10 सुरक्षित लौटे

### 5,025 मीटर ऊंचे माउंट मिजहिरगी पर हुआ हादसा, 33 पर्वतारोही दल में थे

● मॉस्को

रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र में एक बड़े हिमस्खलन में कम से कम 11 पर्वतारोहियों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लापता हैं। हादसे में छह पर्वतारोही घायल हुए हैं। बचाव दल दुर्गम पहाड़ी इलाके में लापता लोगों की तलाश कर रहा है।

यह हादसा रविवार शाम करीब 5 बजे काबार्डिनो-बालकारिया क्षेत्र की बेजेंगी घाटी में करीब 5,025 मीटर ऊंचे माउंट मिजहिरगी पर हुआ। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं के मुताबिक, उस समय 33 पर्वतारोहियों का दल चढ़ाई कर रहा था। अचानक आए हिमस्खलन की चपेट में पूरा दल आ गया और कई पर्वतारोही बर्फ में दब गए। सोमवार सुबह तक 10 पर्वतारोही खुद पहाड़ से सुरक्षित नीचे उतरने में कामयाब रहे, जबकि छह लोगों का पता नहीं चल सका।

घायल छह पर्वतारोहियों को एयरलिफ्ट कर नाल्चिक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस साल पर्वतारोहियों के बड़े पैमाने पर मारे जाने की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले 30 जुलाई को पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में ब्रॉड पीक पर हिमस्खलन की चपेट में आने से 10 पर्वतारोहियों की मौत हुई थी। मृतकों में प्रसिद्ध नेपाली पर्वतारोही निर्मल पुरजा (निम्सदाई) भी शामिल थे।

### 50 से ज्यादा बचावकर्मी जुटे

**अभियान में एमआई-8 हेलीकॉप्टरों की भी ली जा रही है मदद**

लापता पर्वतारोहियों की तलाश में रूस के आपातकालीन मंत्रालय के 50 से अधिक बचावकर्मी जुटे हैं। अभियान में एमआई-8 हेलीकॉप्टरों की भी मदद ली जा रही है। हालांकि, बेहद दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र, खराब मौसम और दोबारा हिमस्खलन के खतरे के कारण राहत एवं बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पहाड़ पर मौजूद एक बड़े ग्लेशियर या बर्फीली चट्टान के अचानक टूटने से हिमस्खलन हुआ हो सकता है। रूसी अधिकारियों ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और संभावित आपराधिक लापरवाही के पहलू की भी जांच की जा रही है।

## ज्वालामुखी विस्फोट से 3,000 उड़ानें प्रभावित, राख का गुबार जकार्ता से लाम्पुंग प्रांत तक पहुंचा, 3.40 लाख यात्री फंसे

● जकार्ता

इंडोनेशिया में अनाक क्राकाटाऊ ज्वालामुखी के विस्फोट से करीब 3,000 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। हवाई अड्डों के दूसरे दिन भी बंद रहने से करीब 3.40 लाख यात्री प्रभावित हुए हैं।

ज्वालामुखी में शुक्रवार देर रात विस्फोट शुरू हुआ, जिसके बाद लावा के फव्वारे उठे और राख का गुबार जकार्ता तथा लाम्पुंग प्रांत तक पहुंच गया। जकार्ता के सोएकार्नो-हट्टा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सुबह खोलने की योजना थी, लेकिन हवाई क्षेत्र में ज्वालामुखीय राख मौजूद रहने के कारण इसे टाल दिया गया। नागरिक और सैन्य उड़ानों के लिए इस्तेमाल होने वाला हलीम पेरदानाकुसुमा हवाई अड्डा भी बंद है। उड़ानें रद्द होने और लगातार बदलते शेड्यूल के कारण एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं। यात्री टिकट रिफंड और उड़ानें शुरू होने की जानकारी लेने के लिए परेशान रहे। पूर्वी जावा के मलांग से जकार्ता लौट रहे यात्रियों ने एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी और बार-बार बदलते उड़ान समय की शिकायत की।

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव ने किया सुसाइड

**नोएडा, आरएनएन।** दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव राकेश मेहता ने नोएडा में सुसाइड कर लिया। उनकी उम्र 75 साल थी। पूर्व आईएएस पत्नी सुमंती मेहता ने रविवार दोपहर उन्हें कई बार फोन किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। इस पर उन्होंने सोसाइटी के गार्ड को फ्लैट पर भेजा। गार्ड अंदर पहुंचा तो उसे मेहता की लाश पंखे से लटकी मिली। राकेश मेहता सेक्टर-82 स्थित केंद्रीय विहार-2 सोसाइटी में किराए के फ्लैट में रहते थे। पुलिस को मौके से एक पेज का सुसाइड नोट मिला। इसमें बीमारी से परेशान होने की बात लिखी है। घटना के लिए उन्होंने किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। राकेश मेहता 1975 बैच के आईएएस अधिकारी थे। वे दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित के करीबी थे। परिजनों ने सोमवार को उनका दिल्ली में अंतिम संस्कार कर दिया। मंगलवार को परिजन पुलिस के पास पहुंचे तो राकेश मेहता के सुसाइड की जानकारी सामने आई।

### एलएसी पर भारत-चीन की सैन्य फ्लैग मीटिंग

नई दिल्ली, आरएनएन। भारत और चीन के बीच सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने की दिशा में एक अहम पहल हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि दोनों देशों के बीच वरिष्ठतम सैन्य कमांडर स्तर की पहली फ्लैग मीटिंग 6 और 7 सितंबर को हुई। बैठक अरुणाचल प्रदेश के वाचा और चीन की ओर दमाई में आयोजित की गई। जायसवाल के मुताबिक, यह प्रक्रिया भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच अगस्त 2025 और अगस्त 2026 में हुई सहमतियों के बाद आगे बढ़ी है।

### डोनाल्ड ट्रंप की रेटिंग ऑल टाइम लो हुई

**वॉशिंगटन, आरएनएन।** अमेरिका में मिडटर्म चुनाव से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। रॉयटर्स-इप्सॉस सर्वे में डेमोक्रेट्स को रिपब्लिकन पर 5 प्रतिशत अंकों की बढ़त मिली है। इससे संसद में रिपब्लिकन की मौजूदा बढ़त बचाने पर सवाल उठने लगे हैं। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में रिपब्लिकन के पास 218 और डेमोक्रेट्स के पास 214 सीटें हैं। बहुमत के लिए डेमोक्रेट्स को सिर्फ तीन सीटों की जरूरत है।

## तीन दिन की खामोशी के बाद कीव पर रूस का बड़ा हमला

### 166 ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं, 2 की मौत

● कीव

तीन दिन की शांति के बाद यूक्रेन की राजधानी कीव एक बार फिर रूसी हमलों से दहल उठी। अमेरिका की शांति पहल के तहत अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के यूक्रेन दौरे के तुरंत बाद रूस ने रातभर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक, हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं।

यूक्रेनी एयरफोर्स के अनुसार, रूस ने रात के हमले में 166 ड्रोन और 32 क्रूज मिसाइलें दागीं। इसके अलावा बैलिस्टिक और एंटी-शिप मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। यूक्रेन का दावा है कि उसकी सेना ने 142 ड्रोन, 31 क्रूज मिसाइल और दो बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया।

हमले का सबसे ज्यादा असर कीव और ओडेसा में देखने को मिला। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, मिसाइल और ड्रोन 29 स्थानों पर गिरे। कीव में रिहायशी इमारतों समेत कई नागरिक सुविधाओं को नुकसान पहुंचा। जेलेंस्की ने राजधानी के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाए जाने की बात कही। ओडेसा में एक बाजार, खारकीव में एक अपार्टमेंट इमारत और सूमी में एक ट्रेन के इंजन को नुकसान पहुंचने की जानकारी है। ज़ापोरिज्जिया और दिनप्रो भी हमले की चपेट में आए।

### शांति प्रयासों के बीच फिर बढ़ा तनाव

रूस का ताजा हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के मॉस्को और कीव दौरे के दौरान रूसी हमलों में तीन दिन की रोक लगी थी। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को आगे बढ़ाने की कोशिश की थी। रूस की ओर से यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले पहले भी होते रहे हैं। ताजा हमले ने शांति वार्ता के बीच एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने की कोशिशें आखिर कितनी आगे बढ़ पाएंगी।

## अमेरिका में बनाओ, तभी बेच पाओगे अपने प्लेन

● वॉशिंगटन


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडाई विमान कंपनी बॉम्बार्डियर को अमेरिकी बाजार को लेकर सख्त चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि अगर कंपनी को अमेरिका में अपने विमान बेचने हैं, तो उसे यहीं उनका उत्पादन भी करना होगा। उन्होंने बॉम्बार्डियर के विमानों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि विदेशी कंपनियां अमेरिका को सिर्फ कमाई का जरिया न समझें। उनका यह रुख अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने और विदेशी कंपनियों पर दबाव बनाने की उनकी नीति का हिस्सा माना जा रहा है। बॉम्बार्डियर का अमेरिकी बाजार में बड़ा कारोबार है और उसके करीब आधे विमान अमेरिका में संचालित होते हैं।

**ट्रंप का बॉम्बार्डियर को अल्टीमेटम**

कंपनी की कंसास में पहले से एक फैक्ट्री भी है, जहां विशेष मिशन के लिए विमानों को तैयार किया जाता है। ट्रंप के बयान से अमेरिका-कनाडा के बीच व्यापारिक तनाव और बढने् की आशंका है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी सरकार प्रस्तावित रोक को कब और किस तरह लागू करेगी। बॉम्बार्डियर ने फिलहाल इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## यूके के किले में पाकिस्तान का झंडा फहराने पर विवाद

### रिफॉर्म पार्टी भड़की, कहा- हमारी संस्कृति पर कब्जा करने की कोशिश



● लंदन

ब्रिटेन के वेल्स में कार्डिफ कैसल पर पाकिस्तानी झंडा फहराए जाने को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके ने कार्डिफ काउंसिल की आलोचना करते हुए कहा कि ऐतिहासिक इमारतों पर विदेशी झंडे नहीं फहराए जाने चाहिए।

पार्टी ने इसे वेल्श संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान पर हावी होने की कोशिश बताया है। रिफॉर्म यूके के आर्थिक मामलों के प्रवक्ता रॉबर्ट जेनरिक ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी झंडा फहराए जाने का वीडियो साझा करते हुए कहा कि वह ऐतिहासिक इमारतों पर विदेशी झंडे देख-देखकर परेशान हैं। उन्होंने कहा कि रिफॉर्म की सरकार बनने पर ऐसी परंपरा खत्म कर राष्ट्रीय पहचान को फिर से स्थापित किया जाएगा। रिफॉर्म वेल्स के प्रवक्ता ने भी कहा कि ऐतिहासिक स्थलों पर वेल्श ड्रैगन या यूनियन फ्लैग के अलावा कोई दूसरा झंडा नहीं फहराया जाना चाहिए। काउंसिल ने कहा- भारत का झंडा भी फहराया कार्डिफ काउंसिल के लेबर नेता क्रिस वीवर ने रिफॉर्म के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तानी झंडा 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फहराया गया था।

## आतंकी साजिश रचने के आरोप में 7 विदेशी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली, आरएनएन।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी साजिश और उग्रवाद से जुड़े आरोपों में एक अमेरिकी समेत सात विदेशी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। हालांकि, चार्जशीट में यूएपीए की धारा 18 हटा दी गई है और आरोपियों पर अब इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025 की धारा 21 और 23 लगाई गई हैं। आरोपियों को करीब 180 दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। उनके वकील के मुताबिक, इतने लंबे समय की जांच के बावजूद एनआईए को यूएपीए के तहत अपराध नहीं मिला। एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि यूपीपीए एंगल से जांच अभी जारी है और जरूरत पडने् पर आगे सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की जा सकती है।

## ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल में आई खराबी, 300 उड़ानें रद्द

**लंदन, आरएनएन।** ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी के चलते करीब 300 उड़ानें रद्द हो गईं, जबकि सैकड़ों उड़ानों में देरी हुई। हीथ्रो, गैटविक, मैनचेस्टर और बर्मिंघम एयरपोर्ट सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। राष्ट्रीय हवाई यातायात नियंत्रण सेवा ने बताया कि तकनीकी समस्या के कारण उड़ानों के प्रस्थान में बाधा आई। करीब दो घंटे बाद समस्या की पहचान कर उसका समाधान लागू कर दिया गया। एनएटीएस ने यात्रियों से अपनी एयरलाइन से उड़ान की ताजा जानकारी लेने की अपील की है।

**विरोध-प्रदर्शन** कर्मचारियों ने लगाया महिला स्टाफ को हटाने का आरोप, जांच के आदेश जारी

# भारतीय समूह के दौरे पर विवाद के बाद एफिल टॉवर बंद

● पेरिस

फ्रांस की राजधानी पेरिस का मशहूर एफिल टावर कर्मचारियों के विरोध-प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए बंद रहा। विरोध एक हिंदू धार्मिक संगठन बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) के प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान महिला कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी से हटाए जाने के आरोप को लेकर हुआ।

मामला शनिवार का है, जब बीएपीएस से जुड़े करीब 100 लोगों का प्रतिनिधिमंडल एफिल टावर के निजी दौरे पर पहुंचा था। आरोप है कि प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान कुछ महिला कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी वाली जगह से हटने और कुछ क्षेत्रों से दूर रहने को कहा गया। कुछ स्थानों पर उनकी जगह पुरुष कर्मचारियों को तैनात किया गया। कर्मचारी संघ ने इसे लैंगिक भेदभाव बताते हुए आपत्ति जताई। सोमवार को कर्मचारियों ने बैठक कर प्रबंधन के सामने भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं होने की मांग रखी। विरोध के चलते टावर को पर्यटकों के लिए खोलने में देरी हुई।



### प्रबंधन ने माना- अनुरोध स्वीकार नहीं करना चाहिए था

एफिल टावर का संचालन करने वाली कंपनी एसईटीई ने माना कि प्रतिनिधिमंडल की ओर से महिला कर्मचारियों के साथ संपर्क सीमित रखने का अनुरोध किया गया था। कंपनी ने कहा कि इस तरह की शर्त स्वीकार नहीं की जानी चाहिए थी और यह लैंगिक समानता के उसके मूल्यों के अनुरूप नहीं है। प्रबंधन ने कर्मचारियों से इस मामले पर माफी भी मांगी। सीजीटी ट्रेड यूनियन ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि किसी कर्मचारी को उसके लिंग के आधार पर ड्यूटी से हटाना स्वीकार्य नहीं है। बीएपीएस ने आरोपों पर जारी बयान में कहा कि करीब 100 सदस्यों के दौरे का समन्वय एफिल टावर की टीम के साथ किया गया था। दौरे का समय इस तरह तय किया गया था कि अन्य पर्यटकों को कम से कम असुविधा हो।

### बीएपीएस के धार्मिक नियमों का हवाला

बीएपीएस से जुड़े साधु ब्रह्मचर्य के कठोर नियमों का पालन करते हैं, जिसके तहत वे महिलाओं के साथ अनावश्यक बातचीत या शारीरिक संपर्क से बचते हैं। संगठन के कई मंदिरों में भी पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था देखी जाती है। हालांकि, एफिल टावर में महिला कर्मचारियों को हटाने का फैसला सीधे इन धार्मिक नियमों के कारण लिया गया था या स्थानीय स्तर पर प्रबंधन की व्यवस्था का हिस्सा था, इसकी स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। विवाद के बीच सोमवार को एफिल टावर बंद रहा। एफिल टावर दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है।

### आज का इतिहास

- 1776: अमेरिकी महाद्वीपीय कांग्रेस ने आधिकारिक रूप से देश का नाम यूनाईटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका अपनाया।
- 1791: अमेरिका में वॉशिंगटन डीसी का नाम पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन के सम्मान में रखा गया।
- 1850: कैलिफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना।
- 1948: कोरिया में उत्तर कोरिया ने स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी स्थापना की घोषणा की।
- 1965: तिब्बत को चीन के एक स्वायत्त क्षेत्र के रूप में औपचारिक रूप से स्थापित किया गया।
- 1976: माओवादी नेता माओ त्से तुंग का निधन हुआ।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com